वर्ष- 02 अंक- 185
छपरा
29 मई गुरूवार 2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com | E-Paper | website : www.dainikkhojkhabar.live

महाराष्ट्र: मंत्री संजय शिरसाट के बेटे को महिला ने भेजा 50 लाख का नोटिस

शारीरिक प्रताड़ना का आरोप

मुंबई,एजेंसी। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री संजय शिरसाट के बेटे सिद्धांत पर एक महिला ने शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना का आरोप लगाते हुए कानूनी नोटिस भेजा है। महिला ने अपने वकील के जरिए भेजे नोटिस में मंत्री के बेटे से 50 लाख रुपये के मुआवजे की मांग की है। उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने इसको लेकर महाराष्ट्र सरकार और शिवसेना नेता शिरसाट पर हमला बोला है। महिला का आरोप है कि मंत्री के बेटे ने तीन साल पहले उससे शादी की थी और उसके बाद उसे लगातार प्रताड़ित किया। महाराष्ट्र की मीडिया में मामला छाने के बाद महिला ने मंगलवार को कहा कि यह उसका निजी मामला है, जिसे वह अपने तरीके से हल करेगी।

जस्टिस वर्मा के खिलाफ सरकार महाभियोग ला सकती है,मानसून सत्र में प्रस्ताव संभव

नई दिल्ली,एजेंसी। कैश कांड मामले में जस्टिस यशवंत वर्मा के खिलाफ केंद्र सरकार संसद में महाभियोग प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। न्यूज एजेंसी PTI ने सरकार से जुड़े सूत्रों के हवाले से बताया कि 15 जुलाई के बाद शुरू होने वाले मानसून सत्र में यह प्रस्ताव लाया जा सकता है। हालांकि सरकार अभी इस बात का इंतजार कर रही है कि जस्टिस वर्मा खुद इस्तीफा दे दें। दरअसल, जस्टिस वर्मा के लुटियंस दिल्ली स्थित घर में 14 मार्च की रात आग लगी थी। उनके घर के स्टोर रूम से 500-500 रुपए के जले नोटों के बंडलों से भरे बोरे मिले थे। जिसके बाद उन्हें इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर कर दिया गया था। 22 मार्च को इस मामले में तत्कालीन CJI ने जांच समिति बनाई थी। कमेटी ने 3 मई को रिपोर्ट तैयार की और 4 मई को CJI को सौंपी थी। कमेटी ने जस्टिस वर्मा के खिलाफ आरोपों को सही पाया और उन्हें दोषी ठहराया था।

महाकाल मंदिर पहुंची श्रद्धालु का आरोप- गार्ड्स ने अभद्रता की बोली- बिना दर्शन किए बाहर निकाला

उज्जैन,एजेंसी। उज्जैन के प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्था को लेकर एक दंपती ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने मंदिर के सुरक्षाकर्मियों पर अभद्रता करने का आरोप लगाया है। दंपती ने मंदिर में वीआईपी कल्चर को लेकर एक वीडियो सोशल मीडिया पर पोस्ट किया है। इसमें आरोप लगाया कि मंदिर में धर्म के नाम पर व्यापार हो रहा है। नियम सिर्फ आम श्रद्धालुओं के लिए ही हैं। मंदिर के प्रशासक प्रथम कौशिक का कहना है, मंदिर के सीसीटीवी फुटेज में महिला के पति को गणेश मंडपम् में वीडियो बनाते हुए देखा गया था। जब कर्मचारी ने उन्हें मोबाइल उपयोग पर प्रतिबंध की जानकारी दी, तो वे गुस्सा हो गए। उनसे केवल नियम का पालन करवाया जा रहा था। वहीं, दंपती ने जो वीडियो पोस्ट किया है, उस पर अब तक 24 हजार से अधिक लोग कमेंट कर चुके हैं। ज्यादातर लोग मंदिर प्रशासन की व्यवस्था पर नाराजगी जता रहे हैं। हालांकि यह पहला मामला नहीं है जब किसी श्रद्धालु के साथ इस प्रकार की अभद्रता की गई हो।

देश में कोरोना के 1200 केस, अबतक 12 मौतें

यूपी-बिहार दौरे पर पीएम मोदी के नजदीक रहने वालों के टेस्ट होंगे

नई दिल्ली,एजेंसी। देशभर में कोरोना वायरस के एक्टिव केसों की संख्या 1200 पहुंच गई है। महाराष्ट्र एक्टिव केसेज के मामले में दूसरे नंबर पर है। यहां 325 मरीज हैं। इनमें से 316 मरीज सिर्फ मुंबई में हैं। इसके बाद केरल में सबसे ज्यादा 430 कोरोना पेशेंट हैं। मंगलवार को महाराष्ट्र में 66, कर्नाटक में 36, गुजरात में 17, बिहार में 5 और हरियाणा में 3 नए मामले सामने आए हैं।

नॉर्थ-ईस्ट में भी कोरोना के मामले सामने आने लगे हैं। अरुणाचल प्रदेश में मंगलवार को 2 महिलाएं कोरोना पॉजिटिव पाई गईं। इनमें एक को बुखार और हल्की खांसी है, जबकि दूसरी महिला में कोई लक्षण नहीं हैं।

उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद में मंगलवार को 78 साल के कोरोना पॉजिटिव बुजुर्ग की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह राज्य में कोविड के नए वैरिएंट से पहली मौत है। इसके अलावा, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक और मध्य प्रदेश में कुल 11 मरीजों की मौत हो चुकी है। कुल मृतक की संख्या 12 पहुंच गई है।

प्रधानमंत्री मोदी के 29-30 मई को यूपी-बिहार दौरे के मद्देनजर राज्य का स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट है। निर्देश दिया गया है कि पीएम के 100 मीटर के दायरे में रहने वाले सभी लोगों की कोरोना जांच होगी।

केरल-राजस्थान में 2-2 मौतें: जयपुर में 26 मई को कोरोना के दो मरीजों की मौत हो गई। इनमें से एक रेलवे स्टेशन पर मृत मिला था। उसकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। दूसरी मौत प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती 26 साल के युवक की हुई। उसे पहले से ही टीबी की बीमारी थी।

वहीं, महाराष्ट्र के ठाणे में एक कोरोना पॉजिटिव महिला की इलाज के दौरान मौत हो गई। ठाणे में ही 25 मई (रविवार) को अस्पताल में इलाज करा रहे 21 साल के युवक की मौत हो गई। उसका 22 मई से इलाज चल रहा था। इससे पहले 17 मई को कर्नाटक के बेंगलुरु में 84 साल के बुजुर्ग की मौत हुई थी। स्वास्थ्य विभाग ने बताया था कि बुजुर्ग की मौत मल्टी ऑर्गन फेल्योर की वजह से हुई थी। 24 मई को उनकी कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। केरल में दो लोगों की कोविड से मौत हुई है।

भारत में मिले कोविड-19 के 4 नए वैरिएंट भारत के कई राज्यों में कोविड-19 के मामलों में बढ़ोतरी के बीच देश में चार नए वैरिएंट मिले हैं। ICMR के डायरेक्टर डॉ. राजीव बहल ने बताया कि दक्षिण और पश्चिम भारत से जिन वैरिएंट की सीक्वेंसिंग की गई है, वे LF.7, XFG , JN.1 और NB.1.8.1 सीरीज के हैं। बाकी जगहों से नमूने लेकर सीक्वेंसिंग की जा रही है, ताकि नए वैरिएंट की जांच की जा सके। मामले बहुत गंभीर नहीं हैं और लोगों को चिंता नहीं करनी चाहिए, बस सतर्क रहना चाहिए।

वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन (WHO) ने भी इन्हें चिंताजनक नहीं माना है। हालांकि, निगरानी में रखे गए वैरिएंट के रूप में कैटेगराइज किया है। चीन सहित एशिया के दूसरे देशों में कोविड के बढ़ते मामलों में यही वैरिएंट दिख रहा है। NB.1.8.1 के A435S, V445H, और T478I जैसे स्पाइक प्रोटीन म्यूटेशन अन्य वैरिएंट की तुलना में तेजी से फैलते हैं। इन पर कोविड के खिलाफ बनी इम्यूनिटी का भी असर नहीं होता।

भारत में कोरोना के एक्टिव केस



नोट- स्वास्थ्य मंत्रालय ने 26 मई सुबह 8 बजे तक 1010 एक्टिव मामलों की जानकारी दी है।

मोदी सरकार घर-घर पहुंचाएगी सिंदूर:9 जून से एक महीने तक चलेगा अभियान, सांसद रोज 15-20 किमी. की पदयात्रा करेंगे

नई दिल्ली,एजेंसी ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को मोदी सरकार घर-घर तक पहुंचाने की तैयारी कर रही है। इसके तहत महिलाओं को उपहार के रूप में सिंदूर दिया जाएगा। भाजपा के सीनियर लीडर ने बताया कि 9 जून से इसकी शुरुआत होगी। इसी दिन नरेंद्र मोदी ने बतौर पीएम तीसरी बार शपथ ली थी यानी मोदी 3.0 की शुरुआत हुई थी। अभियान का मूल मकसद मोदी 3.0 सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाना है। इसके लिए जनसंपर्क के दौरान महिलाओं को सिंदूर भी भेंट किया जाएगा। साथ ही, ऑपरेशन सिंदूर को हाईलाइट करने वाले पंफलेट भी बांटे जाएंगे। केंद्र के सभी मंत्री, राष्ट्रीय लोकतांत्रिक गठबंधन (NDA) के सांसद और संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारी इस अभियान में शामिल होंगे।

विजय शाह मामले में सुनवाई जुलाई के पहले हफ्ते में

एसआईटी को जांच के लिए वक्त दिया; कर्नल सोफिया को कहा था आतंकियों की बहन

नई दिल्ली/भोपाल,एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को कर्नल सोफिया कुरैशी पर टिप्पणी के बाद विवादों में घिरे मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह के मामले में सुनवाई हुई। जस्टिस जेजे सूर्यकांत और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच से सुनवाई की।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- एसआईटी ने 21 मई को जांच की, वो बयान देने वाली जगह गई थी। मोबाइल समेत कुछ सबूत भी इकट्ठा किए गए। गवाहों के बयान लिए गए। जांच अभी शुरुआती चरण में है। हाईकोर्ट से हमारी रिक्वेस्ट है कि वो हमारे साथ-साथ सुनवाई न करे। SIT ने तय तारीख को जांच रिपोर्ट पेश कर दी। SIT ने कुछ और समय मांगा है। इस मामले की सुनवाई अब जुलाई के पहले हफ्ते में होगी।

मालूम हो कि इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) का गठन किया था। SIT अपनी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में सौंप चुकी है।सुप्रीम कोर्ट इस रिपोर्ट पर केस से जुड़े पक्षों से चर्चा की।

SIT का गठन 19 मई को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद ही हुआ था। इसमें IG सागर रेंज प्रमोद वर्मा, DIG SAF कल्याण चक्रवर्ती और SP डिंडौरी वाहिनी सिंह शामिल हैं।चौंकाने वाली बात है कि SIT ने 6 दिन जांच की, लेकिन मंत्री विजय शाह से अभी तक कोई पूछताछ नहीं की गई।

सूत्रों का कहना है कि मंत्री का वीडियो में रिकॉर्ड बयान ही बड़ा सबूत है। उन्होंने माफी मांगने का तीसरा वीडियो जारी कर ये भी साबित कर दिया कि उनका बयान आपत्तिजनक था। SIT ने 11 मई को रायकुंडा गांव में हुए हलमा कार्यक्रम के मंच पर मौजूद लोगों के बयान भी अपनी रिपोर्ट में दर्ज किए हैं। यहीं विजय शाह ने कर्नल कुरैशी को आतंकियों की बहन बताया था।

हाईकोर्ट के आदेश पर FIR हुई- मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने 14 मई को शाह के बयान पर नोटिस लेते हुए FIR दर्ज करने का आदेश दिया था। कोर्ट के आदेश पर उनके खिलाफ इंदौर के मानपुर थाने में FIR दर्ज की गई थी।

गाजा में 5 फीसदी से भी कम जमीन खेती लायक; सभी आधारभूत संरचनाएं तबाह, लोग भुखमरी की चपेट में

गाजा,एजेंसी। गाजा पट्टी में जारी युद्ध और संघर्ष के चलते हालात बद से बदतर हो गए हैं। मानवीय जीवन ही नहीं बल्कि जैविक संपदा, खाद्य सुरक्षा और प्राकृतिक संसाधनों भी भारी नुकसान हुआ है। अब केवल 5% से भी कम भूमि खेती के योग्य बची है। ऐसे में यहां की लगभग पूरी आबादी भुखमरी की चपेट में है। राफाह और गाजा की सभी आधारभूत संरचनाएं तबाह हो गई हैं।

गाजा की बर्बादी की यह भयावह तस्वीर :संयुक्त राष्ट्र के खाद्य व कृषि संगठन (एफएओ) और संयुक्त राष्ट्र उपग्रह केंद्र (यूएनओएसएटी) की ओर से किए गए एक ताजा भू-स्थानिक विश्लेषण में गाजा की बर्बादी की यह भयावह तस्वीर सामने आई है। एफएओ के मुताबिक, यह स्थिति सिर्फ एक कृषि संकट नहीं है, बल्कि मानवीय और पारिस्थितिकीय आपदा का संकेत है।

15,053 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि... अब उत्पादन संभव नहीं :एफएओ का कहना है, गाजा की कुल कृषि भूमि के 80% से ज्यादा हिस्से को नुकसान हुआ है। गाजा की लगभग 15,053 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि में से 12,537 हेक्टेयर अब खेती के लायक नहीं है।

लोग रोजी-रोटी से हाथ धो बैठे, खाद्य आपूर्ति शून्य :गाजा की अर्थव्यवस्था में कृषि की भूमिका लगभग 10% थी, जिससे 5.6 लाख लोग प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े थे। आज यह तंत्र ध्वस्त हो चुका है। न केवल खेत, बल्कि पशुपालन और मछली पालन भी पूरी तरह बिखर चुका है। लाखों लोग रोजी-रोटी से हाथ धो बैठे हैं।

सिंचाई ढांचे का पतन :गाजा की आधुनिक कृषि पद्धतियों की रीढ़ माने जाने वाले ग्रीनहाउस सिस्टम को भी भारी नुकसान हुआ है। लगभग 71.2% ग्रीनहाउस पूरी तरह क्षतिग्रस्त हैं। राफाह क्षेत्र में तो यह आंकड़ा 86.5% तक पहुंच गया। 82.8% कृषि कुएं अब अनुपयोगी हैं।

14 राज्यों में मानसूनी बारिश

म.प्र.-बिहार के 52 जिलों में आंधी-पानी का अलर्ट; राजस्थान में 7 जिलों में हीटवेव

नई दिल्ली/ रायपुर/ भोपाल,एजेंसी। देश में मानसून की एंट्री का आज पांचवां दिन है। 14 राज्यों में मानसून की बारिश जारी है। वहीं, छत्तीसगढ़ में पिछले पांच दिनों में 111 इंच (2840 mm) से ज्यादा बारिश हो चुकी है। यह मई में होने वाली सामान्य बारिश से करीब 6 गुना ज्यादा है। सामान्य तौर पर मई में 430 से 450 mm तक बरसात होती है।

जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में मंगलवार को तेज बारिश हुई। कई इलाकों में ओले भी गिरे। ओडिशा में मानसून आज एंट्री कर सकता है। सरकार ने जिलों प्रशासन को अलर्ट पर रखा है। पूरे राज्य में भारी बारिश का अलर्ट है।

मध्यप्रदेश के 15 से ज्यादा जिलों में मंगलवार को बारिश हुई। आज भी भोपाल, इंदौर-उज्जैन समेत 40 जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश की चेतावनी है। कुछ जिलों में आंधी की रफ्तार 50 kmph तक हो सकती है।

बिहार के 12 जिलों में आज बारिश का यलो अलर्ट है। वहीं, राजस्थान के बाड़मेर, जैसलमेर और फलोदी में अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज हुआ। आज सात जिलों में हीटवेव जबकि 15 जिलों में दोपहर बाद आंधी-बारिश का यलो अलर्ट है।देश में इस मानसून सीजन औसत 106% बारिश की संभावना इस बार मानसून सीजन (जून से सितंबर) में सामान्य से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। मौसम विभाग (IMD) ने बताया कि 106% तक बारिश हो सकती है। पिछले महीने इसे 105त्न बताया गया था। जून महीने में भी बारिश सामान्य से ज्यादा होगी।

IMD ने 27 मई को बताया था, देश में जून के महीने में सामान्य से ज्यादा बारिश होने की संभावना है, जो 108% हो सकती है। यानी इस दौरान 87 cm से ज्यादा बारिश का अनुमान है। इसे लॉन्ग पीरियड एवरेज यानी LPA कहा जाता है।

अयोध्या में रामदरबार की प्राण प्रतिष्ठा 5 जून को

7 मंदिरों में होगी पूजा, 101 आचार्य कराएंगे अनुष्ठान, योगी होंगे शामिल

अयोध्या,एजेंसी। अयोध्या राम मंदिर में 5 जून को राम दरबार सहित 7 मंदिरों की प्राण प्रतिष्ठा होगी। गंगा दशहरा पर सुबह 11 बजे के बाद स्थिर लग्न और अभिजीत मुहूर्त में पूजा शुरू होगी। प्राण प्रतिष्ठा में अयोध्या और काशी के 101 आचार्य शामिल होंगे।

ये जानकारी बुधवार दोपहर मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि ष्ट्रूयोगी को ट्रस्ट की ओर से आमंत्रित किया गया है। योगी ने आमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

3 जून से शुरू होगा अनुष्ठान कार्यक्रम :प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान कार्यक्रम 3 जून से शुरू होगा। इससे पहले 2 जून को महिलाओं द्वारा सरयू जल कलश यात्रा निकाली जाएगी। तीन जून की सुबह 6.30 बजे से सभी मंदिरों में विशेष पूजा-पाठ शुरू होगा, जो रात 9 बजे तक चलेगा। दोपहर में 1 घंटे का विश्राम होगा। इसी तरह 4 जून को भी विशेष पूजा-पाठ होगा। फिर 5 जून को सुबह 5.30 बजे पूजा शुरू होगी। प्राण प्रतिष्ठा 11 बजे के बाद की जाएगी।

इन 7 मंदिरों में होनी है प्राण प्रतिष्ठा :मंदिर के फर्स्ट फ्लोर पर राम दरबार की स्थापना हुई है, जबकि परकोटे में 6 मंदिरों में भगवान सूर्य, गणेश, हनुमान, शिव, माता भगवती और माता अन्नपूर्णा की मूर्ति स्थापित की गई है। इन्हीं मंदिरों में 5 जून को प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसके अलावा, सप्त मंडपम में 7 मंदिर बने हैं। इनमें महर्षि वाल्मीकि, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वशिष्ठ, निषादराज, अहिल्या और शबरी की मूर्ति स्थापित की जा चुकी है।

एक अधिकारी तीनों सेनाओं के जवानों पर एक्शन ले सकेगा

देश में इंटर सर्विस ऑर्गेनाइजेशन नियम लागू, सरकार ने नोटिफिकेशन जारी किया

नई दिल्ली,एजेंसी। देश में तीनों सेनाओं के जवानों पर अब एक ही अधिकारी एक्शन ले सकेगा। 27 मई से इंटर सर्विस ऑर्गेनाइजेशन नियम लागू कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने इसका नोटिफिकेशन भी जारी किया। नए कानून बनने से इंटर सर्विस ऑर्गनाइजेशन के तहत एक कमांडर-इन-चीफ/ऑफिसर-इन-कमांड की नियुक्ति होगी। यह कमांडर सैनिकों पर कंट्रोल करने, कार्रवाई करने में सक्षम होगा। फिर सैनिक किसी भी सेना से जुड़ा हो। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद बन गया था कानून इंटर सर्विस ऑर्गेनाइजेशन बिल दो साल पहले मानसून सत्र में संसद में पेश और पारित किया गया था। 15 अगस्त 2023 को राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद इसे 10 मई 2024 से लागू किया गया। सरकार ने बुधवार को नए नियमों को भी आधिकारिक रूप से राजपत्र के माध्यम से अधिसूचित कर दिया गया है।

रूस में कावेरी इंजन की टेस्टिंग:लंबी दूरी के ड्रोन में लगेगा;तेजस में लगाने का प्लान था

देरी के चलते अमेरिकी इंजन लगाना पड़ा

नई दिल्ली,एजेंसी। डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (DRDO) रूस में स्वदेशी कावेरी जेट इंजन का टेस्टिंग कर रहा है। इसका इस्तेमाल भारत में बने लंबी दूरी के अनमैंड एयर व्हीकल (UAV) यानी ड्रोन में किया जाएगा।

कावेरी इंजन पर करीब 25 घंटे का परीक्षण होना बाकी है। स्लॉट मिलने पर टेस्टिंग की जाएगी। इसकी कैपेसिटी दिखाने के लिए इसे एक लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (LCA) में लगाने का प्लान है।शुरुआत में कावेरी इंजन को तेजस जैसे स्वदेशी LCA में लगाने का प्लान था, लेकिन प्रोग्राम में देरी के चलते तेजस में अमेरिकी इंजन त्रश्व-404 लगाया गया। AMCA के लिए पावरफुल इंजन बनाने की तैयारी यह 80 किलो न्यूटन (kN) थ्रस्ट (पावर) वाला एक लो बाईपास, ट्विन स्पूल टर्बोफैन इंजन है। हाई स्पीड और हाई टेम्प्रेचर के दौरान इंजन का पावर लॉस कम करने के लिए



इसे फ्लैट-रेटेड डिजाइन किया गया है।

इस तकनीक में इंजन को उसकी थ्रस्ट लिमिट मैक्सिमम पॉइंट कम पर फिक्स कर दी जाती है। इसके अलावा बेहतर मैनुअल कंट्रोल के लिए ट्विन-लेन फुल अथॉरिटी डिजिटल इंजन कंट्रोल (FADEC) सिस्टम लगाया गया है।

DRDO 5वीं पीढ़ी के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट (AMCA) के Mark-2 वर्जन समेत भविष्य के विमानों के लिए ज्यादा पावरफुल इंजन बनाने के लिए विदेशी फर्म के साथ काम कर रहा है। भारत के स्वदेशी लड़ाकू विमान प्रोग्राम में LCA Mark vA, LCA Mark 2 और AMCA विकसित करना शामिल है।

टेस्टिंग के लिए भारत, रूस पर निर्भर DRDO के तहत गैस टर्बाइन रिसर्च एस्टेब्लिशमेंट (GTRE) कावेरी इंजन बना रहा है। 2008 में तकनीकी चुनौतियों की वजह से इसे तेजस में नहीं लगाया जा सका। कावेरी इंजन तेजस Mark1 की जरूरतों को पूरा नहीं कर पाया, इसलिए उसमें अमेरिकी इंजन लगाना पड़ा। इसके अलावा भारत में ऐसे इंजनों के टेस्टिंग की सुविधाओं भी नहीं है। इसकी टेस्टिंग के लिए भारत, रूस पर निर्भर है। इस वजह से भी प्रोजेक्ट में देरी होती है।

2035 के बाद तेजस में लगाने का प्लान रिपोर्ट के मुताबिक रूस में इंजन की फ्लाइंग टेस्टिंग चल रही है। इसमें करीब 25 घंटे की टेस्टिंग बाकी है। ये टेस्टिंग रियल सिचुएशन में इंजन की कैपेसिटी आंकने के लिए अहम है। इस इंजन को अब भारत में बने लंबी दूरी के UAV जैसे घातक स्टेल्थ ड्रोन की पावर बढ़ाने के लिए फिर से तैयार किया जा रहा है। कावेरी 2.0 पर भी प्लानिंग चल रही है। इसका मकसद 2035 के बाद अपने मिड-लाइफ अपग्रेड के दौरान तेजस MarkvA में अमेरिका के त्रश्व-404 इंजन की जगह इसे लगाना है। GTRE ने कथित तौर पर इस 90 kN थ्रस्ट वैरिएंट के लिए फंड मांगा है।

माहवारी स्वच्छता दिवस पर छात्राओं को किया गया जागरूक

दैनिक खोज खबर/रसूलपुर (एकमा)। थाना क्षेत्र के हाईस्कूलों में बुधवार को माहवारी स्वच्छता दिवस पर छात्राओं को जागरूक किया गया. इस मौके पर महिला शिक्षकों ने छात्राओं के बीच बातें की. योगियां हाईस्कूल में वरिष्ठ शिक्षिका अर्चना कुमारी के नेतृत्व में शिक्षिका कामिनी सिंह पूर्णिमा ,साजिदा प्रवीण ,नंदिनी,लूसी ,सुमन यादव.,सुनैना ,श्रेया शर्मा,नेहा आदि ने छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया कि माहवारी महिला के जीवन का आवश्यक अंग होता है इसको लेकर बालिकाओं को घबड़ाना नहीं चाहिए. कोई भी दिक्कत हो तो खुल कर अपनी मां ,शिक्षिका अथवा घर के परिजनों को बतायें. खास कर इस दौरान इस्तेमाल होने वाले नैपकिन की स्वछता पर ध्यान रखना चाहिए.

प्रखण्ड स्तरीय शारदीय खलीफा महोत्सव कर्मशाला सह प्रशिक्षण आयोजन

दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)। प्रखण्ड के ई-किसान भवन में बुधवार को प्रखण्ड स्तरीय शारदीय खलीफा महोत्सव कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी कृषि पदाधिकारी एवं कृषि समन्वय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में एटीएम, किसान सलाहकार तथा सभी पंचायत से आए हुए किसान सम्मिलित हुए। इस दौरान विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई। जैसे मुख्य रूप से फार्म रजिस्ट्रेशन करने हेतु सभी पंचायतों में कैंप लगाकर किया जाएगा तथा धान के बीज हाइब्रिड के लिए आवेदन करने को सलाह दी गई। मिट्टी जांच का भी सलाह दिया गया। मौके पर किसान सलाहकार चितरंजन पाठक, हरेंद्र सहनी, जितेंद्र कुमार, संतोष रंजन, सईद आलम, समेत अन्य किसान लोग उपस्थित थे।

मशरक में ट्रक से बाइक की टक्कर में आने से दूसरे घायल की बनारस में मौत, परिजनों में छाया मातम

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। मशरक के लखनपुर गांव में बीते 8 मई को अनियंत्रित ट्रक और बाइक की टक्कर से एक की मौत हो गई वहीं घायल दूसरे शख्स की इलाज के दौरान बनारस में भी मौत हो गई। मृतक गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के महुआ खास गांव निवासी झगरू महंतों का 38 वर्षीय पुत्र चन्द्रभान महंतों के रूप में हुई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में मातम छा गया। परिजनों ने बताया कि तिलक समारोह में शामिल होने बाइक पर सवार होकर दो रिश्तेदार जा रहें थे कि लखनपुर में अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गए जिसमें सारण जिले के इसुआपुर थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी 18 वर्षीय नागेन्द्र कुमार की मौत हो गई, वहीं चन्द्रभान महंतों गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया जहां गंभीर हालत में पटना और वहां से बनारस में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 8 मई की बताई गई। मृतक के परिजनों में पत्नी सरस्वती देवी और दो लड़के और एक लड़की का रो रो कर बुरा हाल है। मौत हो जाने के बाद परिजनों के द्वारा शव को मशरक थाना लाया गया जहां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार महिला की मौत

मढ़ौरा(सारण)। थानाक्षेत्र के इसरौली में हुई एक सड़क दुर्घटना में एक मोटरसाइकिल सवार महिला की मौत हो गयी। घटना के बाद सूचना पर मढ़ौरा पुलिस ने मंगलवार की रात्रि दस बजे शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा। घटना को लेकर बताया जाता है कि बाजिद भोरहां निवासी जगन्नाथ महतों की पत्नी सुमित्रा देवी नगरा के अफौर अपनी नातिन से मिलने गयी थी। वहा से वापस अपने घर लौटने के दौरान इसरौली में किसी अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। जिससे महिला बुरी तरह जख्मी हो गयी थी। महिला को घायलावस्था में रेफरल अस्पताल लाया गया था। इलाज के दौरान महिला? की मौत ?हो गयी।

विराट कुर्की संकल्प के तहत मशरक के सिकटी ख्जाहा में हुई कारवाई

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। मशरक थाना पुलिस ने बुधवार को विराट कुर्की संकल्प अभियान के तहत शराब कांड के अभियुक्त के घर कुर्की की कारवाई की। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि मशरक थाना कांड सं0-582/24 के अभियुक्त सिकटी ख्जाहा गांव निवासी शराब कारोबारी जगरानी कुंवर के घर कुर्की किया गया। जिसमें जेसीबी मशीन की मदद से विराट कुर्की संकल्प के तहत घर को जमींदोज कर दिया गया। थानाध्यक्ष रणधीर कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के किसी गांव में अवांछनीय तत्वों के द्वारा कोई भी अवैध गतिविधि दिखती है तो उन्हें सूचना दे। उन्होंने कहा कि सूचना गोपनीय रखतें हुए कारवाई की जाएंगी।

दो लोगों को सोनपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

सोनपुर। सहोदर भाई के साथ मारपीट करने तथा शराब के नशे में हो हल्ला करने के आरोप में दो भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उक्त बात क़े जनकारी देते हुए सोनपुर थाना अध्यक्ष राजनंदन ने बुधवार को बताया कि जैतीया गांव के गणेश कुमार के भाई से मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है वही उसके एक और भाई बिरजू कुमार को शराब के नशे में पाया गया। उसे गिरफ्तार कर कुल 2 लोगो को जेल भेज दिया गया है।

हत्थे चढ़ा जहानाबाद शिक्षा कार्यालय का रिश्वतखोर प्रधान सहायक

पटना , एजेंसी। विशेष निगरानी इकाई की टीम ने मंगलवार को जहानाबाद जिला शिक्षा कार्यालय के प्रधान सहायक लक्ष्मण यादव को कार्यालय में ही 50 हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के लिए टीम उसे पटना ले आई है और पूछताछ के उपरांत उसे निगरानी की विशेष अदालत में प्रस्तुत किया जाएगा। विशेष निगरानी इकाई के आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि कौशल किशोर सिंह नामक एक कर्मचारी ने 26 मई को लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि प्रधान सहायक लक्ष्मण यादव उनके बकाया वेतन और पीएफ की राशि का भुगतान करने के एवज में 50 हजार की रिश्वत मांग रहा है। शिकायत की प्राथमिक जांच में आरोप सही पाए गए। सत्यापन के दौरान जब विशेष निगरानी इकाई के एक अधिकारी ने लक्ष्मण यादव से बातचीत की, तो उसने स्पष्ट रूप से कहा कि जब तक रिश्वत की राशि नहीं दी जाएगी, तब तक संबंधित भुगतान नहीं किया जाएगा। इसके विशेष धावा दल का गठन किया गया ।

51 जोड़ों का दहेजमुक्त सामूहिक विवाह संपन्न, विदा फाउंडेशन ने निभाई सामाजिक जिम्मेदारी

दैनिक खोज खबर/ दरियापुर(सारण)। प्रखंड के नाथा छपरा पंचायत के मनचितवाँ गांव में बुधवार को सामाजिक बदलाव की मिसाल पेश करते हुए 51 जोड़ों का दहेज मुक्त सामूहिक विवाह संपन्न कराया गया। इस आयोजन का सफल संचालन विदा फाउंडेशन के बैनर तले किया गया। जिसमें निवेदक विपिन कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही, वही केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि इसकार्यक्रम का उद्देश्य दहेज प्रथा को खत्म कर समाज में सकारात्मक संदेश फैलाना है और बिहार को तरक्की की रास्ते में इस तरह का आयोजन समाज को नई प्रेरणा देगा। समारोह में बिना किसी दहेज के 51 वर-वधुओं का विवाह विधिवत रूप से संपन्न हुआ। फाउंडेशन की ओर से नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप बर्तन, कपड़े, और अन्य जरूरी घरेलू सामान भी वितरित किए गए। सभी आगंतुकों के लिए उत्तम भोजन की व्यवस्था की गई थी, ताकि किसी को कोई असुविधा न हो। जिले के विभिन्न गांवों से ऐसे जोड़े शामिल हुए, जिनकी शादी दहेज के अभाव में नहीं हो पा रही थी। इस आयोजन से उन्हें नया जीवन शुरू करने का अवसर मिला। समारोह में पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी ने कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में व्याप्त कुरीतियों को समाप्त करने में मदद मिलेगी। उन्होंने सभी सहयोगियों और उपस्थित लोगों को धन्यवाद देते हुए कहा कि यह पहल आगे भी जारी रहेगी।सभी वर्गों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे समाज सुधार की दिशा में बड़ा कदम बताया। इस अवसर सुधीर सिंह, जिला पार्षद प्रतिनिधि निकेश राय, पूर्व मुखिया पिंटू सिंह, त्रिलोकी साह, सुमंत बाबा, संध्या राय सहित अन्य शामिल हुए।

छपरा के व्यवसायी व समाजसेवी अमरेन्द्र सिंह की हत्या पर शोक, दोषियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग

दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)। छपरा के प्रतिष्ठित व्यवसायी व समाजसेवी अमरेंद्र कुमार सिंह व सामाजिक कार्यकर्ता शंभु नाथ सिंह की अपराधियों द्वारा गोली मारकर की गई निर्मम हत्या से क्षेत्र में शोक की लहर है।

पूर्व मंत्री महाचंद्र प्रसाद सिंह ने बुधवार को शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर सांत्वना दिया। अपनी शोक संवेदना के दौरान उन्होंने कहा कि इस जघन्य वारदात से मन अत्यंत मर्माहत एवं व्यथित है। उन्होंने मृतक अमरेंद्र सिंह के परिजनों से मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया और अपनी गहरी संवेदना प्रकट की।उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में वे पीड़ित परिवार के साथ खड़े हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति मिले।

साथ ही उन्होंने वरीय पुलिस पदाधिकारियों से बात कर दोषियों की अविलंब गिरफ्तारी और उन्हें कठोरतम सजा दिलाने की मांग की है। ताकि भविष्य में कोई ऐसी नृशंस वारदात करने का दुस्साहस न कर सके। इस मौके पर भाजपा नेताओं व कार्यकर्ताओं के अलावा सामाजसेवी अशोक कुमार सिंह ने भी अपनी गहरी शोक संवेदना प्रकट की। उधर छपरा बैंक कॉलोनी निवासी समाजसेवी अशोक कुमार सिंह व एकमा प्रखंड के आमडाढ़ी पंचायत के पूर्व मुखिया ओम प्रकाश सिंह, सारण्य महोत्सव के अध्यक्ष चंद्र प्रकाश राज, महासचिव श्याम बिहारी अग्रवाल, लायंस क्लब ऑफ छपरा के अध्यक्ष डॉ विकास कुमार सिंह, सचिव राकेश कुमार मिश्रा आदि ने पीड़ित परिवारों को पुलिस प्रशासन से हत्याकांड में संलिप्त अपराधियों के गिरफ्तारी करने व शीघ्र न्याय दिलाने की मांग की है।

तरैया में सोए अवस्था में धारदार हथियार से गला रेतकर महिला की हत्या

- **तरैया के रामपुर महेश गांव की है घटना, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के रामपुर महेश गैस गोदाम के समीप मंगलवार की मध्य रात्रि में सोया अवस्था में धारदार हथियार से गला रेतकर एक महिला की हत्या कर दी गई है। मृतिका रामपुर महेश गांव निवासी शंभू कुमार सिंह की 28 वर्षीय पत्नी सुनीता देवी बताई गई है। जिसके तीन पुत्री व एक पुत्र है। जो की अनुष्का कुमारी 8 वर्ष, शिवम कुमार 6 वर्ष, आराध्या कुमारी 4 वर्ष, सोनाक्षी कुमारी 2 वर्ष है। घटना इस प्रकार घटित हुई है की पुलिस से लेकर स्थानीय लोगों भी अचंभित है। फिलहाल घटना के कारणों की जानकारी नहीं मिल पाई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रतिदिन की तरह मंगलवार की रात्रि में भी महिला अपने कमरे का दरवाजा बंद कर सोई हुई थी इसी दौरान रात्रि में किसी अज्ञात अपराधियों द्वारा खिड़की के रास्ते घर में प्रवेश कर धारदार हथियार से महिला की गला रेत कर हत्या कर दी गई है। जबकि महिला के पास सोए उसके दो बच्चे सही सलामत व सुरक्षित हैं। वहीं बगल के कमरे में सोए उसके भैंसुर, जेठानी व अन्य परिजनों की इसकी जानकारी तक नही लग पाई हैं। घटना की जानकारी परिजनों व आसपास के लोगों को तब हुई जब सुबह में महिला के कमरे का दरवाजा देर सुबह तक नहीं खुला, परिजन दरवाजा पीट कर खुलवाने का प्रयास करने लगे तो उसमें से केवल बच्चे दरवाजा खोलकर बाहर निकले और महिला अपने बेड पर सोई ही रही, फिर परिजनों को शक हुआ और अंदर गए तो देख की महिला खून से लटपट मृत अवस्था में बेड पड़ी हुई है। वहीं घटना के बाद परिजन में चीख पुकार मच गई। घटना की जानकारी मिलते हैं तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह व मसरफ डीएसपी अमरनाथ कुमार मौके पर पहुंचे एवं घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया तथा महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। मृतिका के पति दिल्ली के गुड़गांव में पेंट का काम करते हैं। जो कि सूचना पाकर घर के लिए रवाना हो गया हैं। फिलहाल घटना के कारणों की जानकारी नहीं मिल पाई हैं। मामले में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि घटना की बारीकी से जांच की जा रही है महिला जिस कमरे में सोई हुई थी उस कमरे के खिड़की में ग्रिल नहीं लगा हुआ था और रात्रि में महिला खिड़की खोलकर सोई हुई थी एवं घर का दरवाजा बंद था। इन सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी इंतजार किया जा रहा है। जल्द ही इस मामले का उद्भेदन कर लिया जाएगा।

अमरेन्द्र पंचत्व में विलीन, अंतेष्टि में शामिल हुए मंत्री

दैनिक खोज खबर/ छपरा। वुधवार को रिविलगंज श्मशान घाट पर समाजसेवी व रोटरियन अमरेन्द्र सिंह का पार्थिव शरीर पंच तत्व में विलीन हो गया। दिवंगत श्री सिंह के अंतेष्टी में बिहार सरकार के मंत्री कृष्ण कुमार सिंह मंटू, सांसद प्रतिनिधि राकेश कुमार सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहें। भारी भीड़ ने नम आंखों से अमरेन्द्र को विदाई दी। बता दें कि समाजसेवा में अग्रणी भूमिका निभाने वाले छपरा के गोदरेज शो रूम के मालिक, रोटेरियन अमरेन्द्र सिंह एवं उनके सहयोगी शम्भू नाथ सिंह को मंगलवार की देर शाम अपराधियो द्वारा गोली मारकर उनकी हत्या कर दी। हत्या की खबर फैलते ही शहर से लेकर गांव तक शोक की लहर दौड़ पड़ी। देर रात तक लोग सदर अस्पताल में जमे रहे और सुबह उनके निवास पर भी लोग अन्तिम दर्शन के लिए पहुंचे। परिजन की चीख पुकार से सबकी आंखें नम हो जा रहीं थीं। लोगों ने शोकाकुल परिवार को ढांढस बंधाते रहें।

अमरेन्द्र कुमार सिंह जी के निधन पर विद्या भारती परिवार की ओर से शोक संवेदना

दैनिक खोज खबर/छपरा। हम सभी अत्यंत मर्माहत और शोकाकुल हैं कि सक्रिय समाजसेवी, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विचार परिवार के निष्ठावान कार्यकर्ता तथा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, दर्शन नगर, छपरा की प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य अमरेन्द्र कुमार सिंह की मंगलवार देर संध्या छपरा में अपराधियों द्वारा गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी गई।उनकी असामयिक एवं दुर्भाग्यपूर्ण निधन से समाज को एक अपूरणीय क्षति हुई है। वे केवल सारण प्रमंडल के एक प्रतिष्ठित व्यवसायी नहीं थे, बल्कि समाज सेवा, शिक्षा और संगठन

फाइल फोटो

के क्षेत्रों में भी उनका योगदान अत्यंत प्रेरणास्पद रहा है।इस संबंध में लोक शिक्षा समिति, बिहार के प्रदेश सचिव श्री रामलाल सिंह ने बुधवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि सरेआम हुई इस हृदयविदारक घटना ने बिहार की वर्तमान कानून-व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा कर दिया है। ऐसी घटनाएं समाज में भय और असुरक्षा का वातावरण पैदा करती हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है।विद्या भारती परिवार, अपने इस समर्पित, कर्मठ और निर्भीक कार्यकर्ता की निर्मम हत्या से अत्यंत आहत है। हम सरकार से यह मांग करते हैं कि इस जघन्य अपराध की गहराई से जांच कराई जाए और इसके योजनाकारों एवं अपराधियों को शीघ्र एवं कठोरतम दंड दिया जाए। विद्या भारती परिवार, अमरेन्द्र कुमार सिंह जी एवं उनके सहयोगी शंभू सिंह जी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता है। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और शोकाकुल परिजनों को यह असीम दुःख सहने की शक्ति दें।

धनौरा के छात्रों ने पर्यावरण बचाने को लिया संकल्प

दैनिक खोज खबर /डोरिगंज (सारण)। गड़खा प्रखण्ड के राजकीय मध्य विधालय धनौरा में केंद्र प्रायोजित कार्यक्रम के अन्तर्गत यूको क्लब का गठन उपस्थित छात्र- छात्राओं के बीच किया गया। यूको क्लब गठन में विधालय प्रभारी अरुण कुमार एवं नोडल शिक्षक के रूप में राकेश कुमार सिंह संयुक्त रूप से चयन प्रक्रिया में उपस्थित रहें। यूको क्लब का अध्यक्ष प्रियांशु कुमार सिंह एवं सचिव के रूप में रिया कुमारी सर्वसम्मति से चुनें गए। सदस्यों में अंशु कुमारी,अंजली कुमारी, स्नेहा कुमारी, प्रियंका कुमारी,आशुतोष कुमार,अनिकेत कुमार,रिषभ कुमार, ज्योति कुमारी, नीधि कुमारी, अमृता कुमारी मुख्य हैं। चयनित 20 वों प्रतिभागियों को यूको क्लब के गठन एवं उद्देश्यों के बारे में प्रभारी शिक्षक द्वारा बताया गया। सभी छात्र छात्राओं ने पर्यावरण को बचाने का संकल्प लेते हुए अपने घर, विधालय, टोला महल्ला को साफ सुथरा रखने के साथ जल को फिजूल खर्च न करने पर भी बल दिया। नोडल शिक्षक राकेश कुमार सिंह द्वारा बच्चों को बताया गया कि छोटे- छोटे कार्य करके अपने घर, विद्यालय, समाज के साथ राष्ट्र के तरक्की में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर आप अपनी पहचान बना सकते हैं।

हॉकी एसोसिएशन ऑफ सारण का विधिवत गठन

दैनिक खोज खबर/छपरा। हॉकी हमारे देश का राष्ट्रीय खेल है, किंतु विडंबना रही कि इस ऐतिहासिक एवं गौरवपूर्ण खेल की सारण जिले में अब तक कोई औपचारिक उपस्थिति नहीं थी। इसी बहुप्रतीक्षित खेल को सारण में पुनर्जीवित करने और खेल भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से हॉकी एसोसिएशन ऑफ़ सारण का विधिवत गठन किया गया है। यह क्षण न केवल जिले के खेल प्रेमियों के लिए बल्कि पूरे समाज के लिए गौरवपूर्ण है। उक्त बातें मंगलवार को हॉकी एसोसिएशन के गठन के मौके पर नव गठित कार्यकारणी के अध्यक्ष शैलेंद्र सेंगर ने कहीं। विदित है कि झारखंड जैसे राज्यों में हॉकी को बिहार की तुलना में अधिक लोकप्रियता मिली है, किंतु हाल के वर्षों में बिहार में भी हॉकी को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसका प्रमुख उदाहरण है पिछले वर्ष राजगीर (बिहार) में आयोजित वुमेंस एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का आयोजन, जिसने राज्य में इस खेल के प्रति जागरूकता और उत्साह को नई दिशा दी।

सारण के लिए यह और भी गर्व की बात है कि अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त हॉकी कोच हरेंद्र सिंह इसी पावन धरती से संबंध रखते हैं। उनके मार्गदर्शन एवं

आशीर्वाद से एसोसिएशन की टीम का चयन एक औपचारिक बैठक में किया गया, जो कि सारण में हॉकी के सुनहरे भविष्य की नींव है।हॉकी एसोसिएशन ऑफ़ सारण , हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार से संबद्ध है और यह राष्ट्रीय संस्था हॉकी इंडिया से मान्यता प्राप्त है।

नई कमिटी घोषित, शैलेंद्र सेंगर बने अध्यक्ष – एसोसिएशन की नई संरचना में मुख्य संरक्षक के लिए प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ डॉ. एस.के. पांडेय, संरक्षकगण में शिक्षाविद् डॉ. हरेंद्र सिंह एवं वरिष्ठ खेलप्रेमी सुरेश प्रसाद सिंह, अध्यक्ष के पद पर शैलेन्द्र सेंगर, उपाध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार वर्मा 'संकल्प' एवं डॉ. विकाश कुमार सिंह, सचिव विशेश्वर राय उर्फ़ विक्की आनंद संयुक्त सचिव यशपाल कुमार सिंह एवं सौरभ कुमार 'ट्विंकल', कोषाध्यक्ष सतीश अग्रवाल, जनसंपर्क अधिकारी अनिल कार्की, कार्यालय सचिव चंदन कुमार सिंह, कार्यकारिणी सदस्यगण में अतुल कुमार, पुनीत गुप्ता, डॉ. संदीप कुमार, पप्पू यादव, बलदेव सिद्धार्थ, देव कुमार सिंह, डॉ. अमरेंद्र सिंह, नीरज कुमार, संतोष कुमार एवं सुमन कुमार के नाम घोषित किया गया।इस एसोसिएशन का उद्देश्य जिले में हॉकी खेल को पुनः जीवित कर युवाओं को खेलों की ओर प्रेरित करना है, जिससे न केवल खिलाड़ी तैयार होंगे, बल्कि सारण जिले को भी राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान मिलेगी।यह जानकारी शहर के डाकबंगला रोड स्थित दावत रेस्टोरेंट के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता के माध्यम से साझा की गई, जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों एवं गणमान्य अतिथियों और खेलप्रेमियों की उपस्थिति रही।

20 सूत्री कार्यालय सोनपुर के उद्घाटन के पूर्व बीडीओ से हुआ नोक झोंक, 20 सूत्री कार्यालय का नहीं हुआ उद्घाटन

दैनिक खोज खबर/सोनपुर। हरिहर क्षेत्र की पावन भूमि पर पहली बार 20 सूत्री कार्यालय के उद्घाटन क़े पूर्व नोक झोक होकर उद्घाटन नहीं हुआ। बतादे कि सोनपुर प्रखंड कार्यालय स्थित 20 सूत्री कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को होनी थी जिसमे पुरी तरह ताम झाम क़े साथ उद्घाटन होने वाली थी जिसमें भारी संख्या में भाजपा जदयू सहित अन्य गणमान्य लोगों के सदस्य व स्थानीय पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह, भाजपा नेता विनोद सिंह सम्राट, प्रदेश मिडिया प्रभारी उपेन्द्र सिंह,जिला मंत्री राजीव सिंह, भाजपा नेता हेमनरायण सिंह, अभय सिंह एवं 20 सूत्री क़े अध्यक्ष आदित्य कुमार,उपाध्यक्ष चंदेश्वर भारती, सदस्य मुकेश सिंह, संजीत चौरसिया, दीपक शर्मा,विमल चौरसिया, शशि भूषण सिंह,शिवम कुमार, दीपक कुशवाहा,मोहन सिंह, उमाकांत कुमार,रविमोहन एवं भाजपा व जदयू के दर्जनों बड़े-बड़े नेताओं का आगमन हुआ था लेकिन बीडीओ से कार्यालय में कार्यालय संसाधन क़े कमी होने को लेकर बात इतनी बिगर गयी जिसके कारण कार्यालय का उद्घाटन नहीं हुआ। 20 सूत्री क़े पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने बीडीओ पर बड़ा आरोप लगते हुए कहा कि कार्यालय में जरूरतमद सुख सुविधा होनी थी वह नहीं होने के कारण 20 सूत्री कार्यालय सदस्य के साथ-साथ पार्टी के नेताओं ने नाराजगी व्यक्त करते हुए बीडीओ से नोक झोक हो गयी। बीडीओ अरोमा मोदी ने कहीं की सरकार के तरफ से जो वर्तमान में सुविधा मिलने वाली थीं हमने उपलब्ध करा दिया है अन्य संसाधन उपलब्ध के लेकर जिलाधिकारी से विकासनत्मक कार्य क़े लिए फण्ड मंगाए.इतनी सी बात पर 20 सूत्री के सदस्य एवं भाजपा के सभी नेताओं में आक्रोश पनप गया और कार्यालय क़े उद्घाटन नहीं होने का ऐलान कर दिया। नेताओं व कार्यकर्ताओ ने कहा कि सोनपुर प्रखंड कार्यालय में अफसर शाही हो गया है यह नहीं चलेगा।

सोनपुर के पूर्व विधायक विनय कुमार सिंह सहित भाजपा के बड़े-बड़े नेता व कार्यकर्ता उद्घाटन होने से पूर्व चले गए और उद्घाटन नहीं हुआ। 20 सूत्री कार्यालय क़े उद्घाटन नहीं होने से क्षेत्र के लोगों में चर्चा का विषय बन गया।इस तरह क़े घटना होने क़े बाद प्रखंड कार्यालय में आये ग्रामीणों ने कहा कि अब भाजपा जदयू गठबंधन से जुड़े लोगों को मालूम हो गया है कि प्रखंड ही नहीं पूरे बिहार में अफसर शाही का राज्य चल रहा है। प्रखंड सह अंचल कार्यालय में कोई भी ऐसा कार्य नहीं जिस कार्य में बिना चुमावन का कोई कार्य हो रहा हो। इस संवंध में पूछे जाने पर बीडीओ अरोमा मोदी ने बतायी कि 20 सूत्री क़े रूम.जर्जर अवस्था में था जिसको पूरी तरह से मरम्मत कराकर दिया गया। उद्घाटन क़े दिन 50 कुर्सी, 20 भीआईपी कुर्सी, 3 टेबल कौलोथ सहित, टेंट, 4 पंखा,1माईक सेट, 100 नास्ता, पानी उपलब्ध कराया गया था। जहां तक कार्यालय में सुविधा उपलब्ध कराने की जरूरत थी हमने उपलब्ध करा दिया है अन्य संसाधन की व्यवस्था क़े लिए जिलाधिकारी से अनुमति मिलेगी तभी हो पायेगी। अगर मेरे ऊपर किसी तरह के गलत आरोप लगाते हैं तो उसके लिए मैं क्या कर सकती हूं। मौके पर उपस्थित रहे आशुतोष कुमार,भगवान दास,शिव वचन सिंह,घनश्याम सिंह, आलोक सिंह, डॉक्टर रंजीत, नागेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, लालबाबू पटेल सहित भाजपा और जदयू के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सरकार की विकास की योजनाओं से कोसों दूर है चरिहारा बंगाली टोला गांव

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। मशरक के बंगरा पंचायत के वार्ड-17 चरिहारा बंगाली टोला गांव सरकार की विकास की योजनाओं से कोसों दूर है, मतलब इस गांव में विकास की सारी योजनाएं धरातल पर उतरी ही नहीं है। टोले में गांव के लोग तों किसी तरह आ जाते हैं पर किसी दूसरे गांव के लोगों का टोले में पहुंचना पहाड़ के समान है जबकि टोला से 3 किलोमीटर की दूरी पर ही एन एच 227 ए राम जानकी पथ गुजर रहा है। सड़क की दुर्दशा बद से बदतर हो गई है। लेकिन आज तक किसी भी जन प्रतिनिधि और ना ही अधिकारी का ध्यान गया है। बातचीत करने पर ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के बाद भी अगर आज तक गांव की सड़क नहीं बन पाई है जो बिल्कुल ही दुखद बात है। वही स्थानीय राकेश कुमार सहनी ने बताया कि इस गांव में पीने के पानी की व्यवस्था के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वकांक्षी योजनाओं के तहत नलजल की टंकी भी शोभा की वस्तु बनकर रह गई है। इस गांव में लगभग 50 घर है जो मल्लाह जाति के लोग रहते है । इस गांव में पूर्व मुखिया द्वारा 100 मीटर तक घटिया सोलिंग का कार्य कराया जा रहा था जिसका ग्रामीणों ने विरोध किया। वही वर्तमान मुखिया के द्वारा नाला का निर्माण कराया गया वो भी घटिया और आधा अधूरा। सबसे ज्यादा तो मुश्किल बरसात के मौसम में होती है जब सड़कों पर पानी लगा रहता है लोग गिर जाते हैं और कई बार तो बड़ी घटना भी हो चुकी है। वही इसी गांव के प्रकाश सहनी ने बताया कि हमलोगों के गांव में विकास हुआ ही नहीं है इस गांव को पिछड़ा गांव समझकर छोड़ दिया गया है। वही प्रिंस सहनी ने बताया कि सबसे ज्यादा समस्या तो गर्भवती महिलाएं को होती है मानिए ऐसा लगता है जैसे कि गर्भवती महिलाओं को बच्चा बीच सड़क पर ही हो जाएगा। स्थानीय रंजन कुमार सिंह ने बताया कि इस गांव में जानें के लिए लगभग-लगभग 3 किलोमीटर की सड़क यदि मरम्मत कर बना दी जाए तो गांव में आने जाने की समस्या का समाधान हो जाएगा। उन्होंने कहा यह गांव पानापुर के सीमावर्ती क्षेत्र में आता है। प्रखंड के डुमरसन पंचायत के दो सड़क एक फ़ुटानीगंज रोड और डुमरसन से सिसई की सड़क भी जर्जर हो गई है । फ़ुटानीगंज के दुकानदारों और राहगीरों ने बताया कि सड़क की दुर्दशा ठीक नहीं है फिर भी किसी का ध्यान नहीं है।

20 सूत्री समिति की बैठक में उठे जल-नल, आवास और मनरेगा योजना में गड़बड़ी के मुद्दे

दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)। प्रखंड के सभागार भवन में बुधवार को 12 बजे दिन में 20 सूत्री क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समिति के प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने की, जिसमें विभिन्न सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर गहन चर्चा की गई।बैठक में नल-जल योजना, आंगनवाड़ी केंद्रों की स्थिति, प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा कार्यों की प्रगति और स्ट्रीट लाइट व्यवस्था जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। सदस्यों ने योजनाओं में हो रही अनियमितताओं और लापरवाही पर गहरी चिंता जताई। विशेष रूप से जमीन की परिमार्जन के नाम पर राजस्व कर्मचारियों द्वारा अवैध रूप से मोटी रकम वसूली का मामला प्रमुखता से उठाया गया। इस पर उपस्थित अधिकारियों ने त्वरित जांच कर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया।

बैठक में, सीओ जयंत कुमार गौतम, चिकित्सा प्रभारी डॉ. सत्येंद्र कुमार सिंह, समिति के उपाध्यक्ष रामानंद सिंह, कौशल किशोर सिंह, मंटू बाबा, अर्जुन प्रसाद यादव सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने दरियापुर प्रखंड की 22 पंचायतों में चल रही योजनाओं पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि योजनाओं के कार्यान्वयन में दिख रही लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि योजनाओं को धरातल पर उतारने में कोताही न हो और इन पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

बैठक में जनता के हितों को सर्वोपरि रखते हुए योजनाओं की पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की बात दोहराई गई। वही प्रखंड विकास पदाधिकारी दीनबंधु दिवाकर ने आश्वासन दिया कि सरकारी योजना पर किसी भी स्तर की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी कोई भी शिकायत मिलते ही जांच कर कठोर करवाई की जाएगी

मशरक में ट्रक से बाइक की टक्कर में आने से दूसरे घायल की बनारस में मौत, परिजनों में छाया मातम

दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)। मशरक के लखनपुर गांव में बीते 8 मई को अनियंत्रित ट्रक और बाइक की टक्कर से एक की मौत हो गई वहीं घायल दूसरे शख्स की इलाज के दौरान बनारस में भी मौत हो गई। मृतक गोपालगंज जिले के बैकुंठपुर थाना क्षेत्र के महुआ खास गांव निवासी झगरू महंतों का 38 वर्षीय पुत्र चन्द्रभान महंतों के रूप में हुई। मौत की खबर लगते ही परिजनों में मातम छा गया। परिजनों ने बताया कि तिलक समारोह में शामिल होने बाइक पर सवार होकर दो रिश्तेदार जा रहें थे कि लखनपुर में अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आ गए जिसमें सारण जिले के इसुआपुर थाना क्षेत्र के महुली गांव निवासी 18 वर्षीय नागेन्द्र कुमार की मौत हो गई, वहीं चन्द्रभान महंतों गंभीर हालत में इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया जहां गंभीर हालत में पटना और वहां से बनारस में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना 8 मई की बताई गई। मृतक के परिजनों में पत्नी सरस्वती देवी और दो लड़के और एक लड़की का रो रो कर बुरा हाल है। मौत हो जाने के बाद परिजनों के द्वारा शव को मशरक थाना लाया गया जहां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया।

बिहार के लोकतांत्रिक मिट्टी से राजपा निकालेगी

छपरा- राष्ट्रवादी जनलोक पार्टी (सत्य) के राष्ट्रीय संयोजक तथा तिहाड़ जेल से अफगानिस्तान जा कर भारत के हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की अस्थियां लाने वाले शेर सिंह राणा का आगमन छपरा में हुआ. जहां पार्टी के प्रदेश व जिला पदाधिकारियों सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं द्वारा देश के वीर सपूत का जोरदार स्वागत किया गया.श्री राणा ने लोगों को संबोधित करते हुये कहा की लोगों को न्याय और अधिकार देने वाला क्षत्रिय समाज आज इस लोकतंत्र में स्वयं के अधिकारों से वांचित कर दिया गया है. आज हमारे समाज के बच्चे पढ़े लिखे और होनहार होने के वावजूद बेरोजगार घूम रहे हैं. जिसका एकमात्र कारण है केंद्र और राज्य के सत्ता पर बैठी भेदभाव और दोहरी नीति वाली भाजपा,जदयू की डबल इंजन वाली खोखली सरकार. उन्होंने ने लोगो से अपील करते हुये कहा की अगर आपने अधिकारों को बचाना है तो इस बार विधानसभा चुनाव में अपने झंडे को पहुंचाना होगा तभी समाज को उसके असल अधिकार मिलेंगे.भाजपा जदयू हमेशा हमारे वोट से सरकार बनाती है और हमारे समाज को ही पीछे धकेलने का काम करतीं हैं. इस सरकार में क्षत्रियों को चिन्हित कर उन्हे मिटाने का हर प्रयास किया जा रहा है. अब वक्त आ गया है आपने वोट की ताकत को इस्तेमाल कर अपने राजपा के झंडे को विधानसभा में जीता कर भेजने का.इस कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कुमार सुनील सिंह ने भी समाज से एकजुट होकर अपने पार्टी को वोट देने की अपील की. प्रदेश संगठन मंत्री मनमोहन सिंह, प्रदेश युवा कार्यकारी अध्यक्ष प्रिंस सिंह, छपरा जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह, सत्या सिंह सहित सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने पर चर्चा की तथा पार्टी के संगठन को मजबूत कर विधानसभा चुनाव की तैयारी का बिगुल फूंक कार्यक्रम का समापन किया.

प्रखण्ड स्तरीय शारदीय खलीफा महोत्सव कर्मशाला सह प्रशिक्षण आयोजन

तरैया, (सारण)। प्रखण्ड के ई-किसान भवन में बुधवार को प्रखण्ड स्तरीय शारदीय खलीफा महोत्सव कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रभारी कृषि पदाधिकारी एवं कृषि समन्वय द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में एटीएम, किसान सलाहकार तथा सभी पंचायत से आए हुए किसान सम्मिलित हुए। इस दौरान विभिन्न योजनाओं पर चर्चा की गई। जैसे मुख्य रूप से फार्म रजिस्ट्रेशन करने हेतु सभी पंचायतों में कैंप लगाकर किया जाएगा तथा धान के बीज हाइब्रिड के लिए आवेदन करने को सलाह दी गई। मिट्टी जांच का भी सलाह दिया गया। मौके पर किसान सलाहकार चितरंजन पाठक, हरेंद्र सहनी, जितेंद्र कुमार, संतोष रंजन, सईद आलम, समेत अन्य किसान लोग उपस्थित थे।

जिलाधिकारी अमन समीर के नेतृत्व में महिलाओं को मिल रही नई दिशा

दैनिक खोज खबर/छपरा । सारण जिले में चल रहे 'महिला संवाद कार्यक्रम' ने अपने 40 वें दिन तक एक नई उपलब्धि हासिल कर ली है। जिले के 20 प्रखंडों से अब तक लगभग 3.83 लाख महिलाओं ने इस कार्यक्रम में भागीदारी दर्ज कराई है। कार्यक्रम के दौरान अब तक कुल 39,647 आकांक्षाएं संकलित की जा चुकी है द्य कार्यक्रम के तहत प्रत्येक आयोजन स्थल पर जागरूकता वाहनों के माध्यम से वीडियो फिल्मों का प्रदर्शन किया जा रहा है, जिसमें बिहार सरकार की महिलाओं के हित में चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। इसके साथ ही, योजनाओं को सरल भाषा में समझाने के लिए लीफलेट्स भी वितरित किए जा रहे हैं।

बुधवार को जिले क़े गरखा प्रखंड के सरगट्टी पंचायत स्थित काजल ग्राम संगठन में आयोजित संवाद सत्र में सारण के जिलाधिकारी अमन समीर (भा.प्रा.से.) ने स्वयं उपस्थित होकर महिलाओं से सीधा संवाद किया। उन्होंने महिलाओं को सरकार की विभिन्न योजनाओं में भागीदारी और नेतृत्व के लिए प्रेरित किया। जिलाधिकारी ने महिलाओं की आकांक्षाएं, समस्याएं और सुझाव को बड़ी गंभीरता से सुना। इस दौरान महिलाओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में लघु एवं कुटीर उद्योगों की स्थापना, स्थायी बाजार व्यवस्था, तकनीकी प्रशिक्षण केंद्र, पशुपालन हेतु सरल ऋण व्यवस्था, पारंपरिक उत्पादों के लिए प्रशिक्षण एवं विपणन की सुविधा जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इसके अलावा, उपस्थित छात्राओं ने स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना की ऋण सीमा चार लाख से बढ़ाकर पंद्रह लाख रुपये किए जाने की मांग रखी, जिससे उच्च शिक्षा और भी सुलभ हो सके।बाकि प्रखंडों में आयोजित संवाद सत्र में महिलाओं ने गांवों में सड़कों की मरम्मत, नालियों की साफ-सफाई, सामुदायिक शौचालय, विधवा पेंशन में वृद्धि, राशन दुकानों की स्थापना, दिव्यांग भत्ता और स्नातक स्तरीय कॉलेज की आवश्यकता जैसी जमीनी मुद्दों को भी उठाया। गौरतलब है कि यह संवाद केवल जीविका समूहों तक सीमित नहीं है, बल्कि वे महिलाएं भी शामिल हो रही हैं जो किसी समूह से नहीं जुड़ी हैं।

जिलाधिकारी अमन समीर की सक्रिय भागीदारी और संवेदनशील नेतृत्व ने 'महिला संवाद कार्यक्रम' को सारण जिले में एक प्रेरक पहल बना दिया है। यह स्पष्ट होता है कि जब प्रशासन सहयोगी और सहभागी भूमिका निभाता है, तब सामाजिक बदलाव की प्रक्रिया और अधिक प्रभावशाली हो जाती है।

आज के कार्यक्रम में डी पी एम जीविका - अरुण कुमार, प्रबंधक सूक्ष्म वित्त - मनोज कुमार, बी पी एम जीविका - विमल कुमार, सामुदायिक समन्वयक - जय प्रकाश गुप्ता, शिवप्रकाश एवं सैकड़ों जीविका एवं गैर जीविका महिलाएं उपस्थित रहीं।

कलश यात्रा के साथ मेदु छपरा में नौ दिवसीय प्रतिष्ठात्मक श्री राधा कृष्ण महायज्ञ का शुभारंभ

दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर (एकमा)- थाना क्षेत्र के अतरसन पंचायत के अतरसन टोले मेदु छपरा गांव में नवनिर्मित राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में बुधवार को भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय प्रतिष्ठात्मक श्री राधा कृष्ण महायज्ञ का शुभारंभ हुआ. कलश यात्रा प्रसिद्ध महेंद्रनाथ धाम स्थित कमलदाह सरोवर से प्रारंभ हुई, जिसमें सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालुओं ने भाग लिया. गाजे-बाजे व जयकारे के साथ निकली कलश यात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय वातावरण बना दिया. वाराणसी से पधारे महायज्ञ के यज्ञाचार्य रंजन जी महाराज के नेतृत्व में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ मंडप में अनुष्ठान की शुरुआत की गई. दैनिक प्रवचन हेतु प्रसिद्ध संत केन बाबा भी पधार चुके हैं. प्रतिदिन भक्ति, कथा, कीर्तन व प्रवचन का आयोजन किया जाएगा. कलश यात्रा में यजमान नागेंद्र यादव, यज्ञाचार्य रंजन जी महाराज, अतरसन मुखिया प्रतिनिधि रंजित यादव, असहनी मुखिया अखिलेश ईशनाथ यादव, जिला पार्षद प्रतिनिधि भीम सिंह, तारकेश्वर यादव, संजय यादव, धीरेंद्र यादव, शिव प्रसाद प्रसाद, जयराम यादव, राजकुमार यादव, ओमजी यादव, डॉ. राज नारायण यादव, अशोक यादव, अमित यादव, पप्पू यादव, नरेंद्र यादव, उमेश यादव, दीपक सिंह, संदीप सिंह, अर्जुन साह, उद्धव साह, तारकेश्वर यादव, परशुराम यादव, जयकिशुन यादव, शंकर यादव समेत अनेक महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल रहे.

दरियापुर में प्रखंड स्तरीय कार्यान्वयन समिति कार्यालय का भव्य उद्घाटन, मंत्री मंटू सिंह ने कहा - योजनाओं की निगरानी होगी पारदर्शी और निष्पक्ष

दरियापुर। प्रखंड मुख्यालय दरियापुर में बुधवार को प्रखंड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री चंद्रिका प्रसाद राय, पूर्व मंत्री मुनेश्वर चौधरी तथा विज्ञान, सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मंटू सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का शुभारंभ किया।

मंत्री मंटू सिंह ने कहा कि यह कार्यालय प्रखंड के सभी सरकारी योजनाओं की निगरानी और क्रियान्वयन का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकारी योजनाओं का लाभ आम जनता तक निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से पहुंचे। भ्रष्टाचार और भेदभाव को जरा भी स्थान नहीं मिलेगा।

उन्होंने यह भी कहा कि बीस सूत्री कार्यक्रम के सभी सदस्य यह सुनिश्चित करेंगे कि कोई भी कार्य आमजन को कठिनाई में डाले बिना निष्पादित हो। मंत्री ने बताया कि इस कार्यालय के माध्यम से योजनाओं की समीक्षा कर उन्हें और प्रभावी ढंग से लागू करने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे।

इस अवसर पर मंटू बाबा ने मंच पर उपस्थित सभी विशिष्ट अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष संजय सिंह, उपाध्यक्ष रामानंद सिंह, भूलन सिंह, अर्जुन प्रसाद यादव समेत कई दर्जन सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय लोगों की भागीदारी सराहनीय रही।

हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

दारौंदा (सिवान)। प्रखंड के सवान विग्रह में आयोजित हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर बुधवार को हाथी-घोड़े के साथ कलश यात्रा यज्ञ स्थल से आरंभ होकर विभिन्न गांवों का भ्रमण करते हुए महाराजगंज स्थित कलेक्ट्री तालाब के पास पहुंची जहां आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ जल भरा गया। उसके बाद कलश यात्रा पुन-यज्ञ स्थल पर पहुंची जहां गणेश पूजा के साथ महायज्ञ का शुभारंभ किया गया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के जय श्रीराम, जय हनुमान व हर- हर महादेव के जयघोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जगह- जगह पानी की व्यवस्था किए गए थे। समिति सदस्यों ने बताया कि 28 मई से 30 मई तक प्रतिदिन पूजा अर्चना की जाएगी। वहीं 31 मई को प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होगा। वहीं एक जून से तीन जून तक प्रसिद्ध कथावाचक राजन महाराज द्वारा श्रीराम कथा सुनाया जाएगा। सदस्यों ने बताया कि इस राम कथा सुनने से लोगों में आपसी एकता, प्रेम, सुख -शांति और समृद्धि की प्राप्ति होती है।

मैरवा में पहले एक दिन भी नहीं हुआ एक भी नामांकन

परवेज अख्तर/सीवान। मैरवा एवं हसनपुरा नगर पंचायत में होने वाले उपचुनाव को लेकर 28 मई से नामांकन शुरू हुआ। पहले दिन एक भी प्रत्याशी द्वारा नामांकन नहीं किया गया। इस दौरान कर्मी प्रत्याशियों के इंतजार में बैठे रहे। जानकारी के अनुसार मैरवा नगर पंचायत के मुख्य पार्षद पद के लिए होने वाले उपचुनाव को लेकर बुधवार को नामांकन के पहले दिन एक भी अभ्यर्थियों ने नामांकन नहीं कराया। कर्मी प्रतीक्षा करते रहे। नामांकन पर्चा भरने के लिए अभ्यर्थी आवश्यक कागज जुटाने में लगे रहे। कुछ ने नामांकन के लिए चालान रसीद कटवाई। वहीं दूसरी ओर हसनपुरा नगर पंचायत के वार्ड एक में वार्ड पार्षद का उप चुनाव होना सुनिश्चित है। पहला दिन एक भी प्रत्याशी नामांकन का पर्चा नहीं भरा गया। उपचुनावक को ले कोषांग का गठन कर लिया गया है। यह उप चुनाव की पूरी तैयारी का कार्य बीडीओ सह सहायक निर्वाची पदाधिकारी आनंद प्रकाश सिंह के नेतृत्व में किया जा रहा है। बुधवार से अभ्यर्थियों के नामांकन के लिए काउंटर बनाए गए हैं। यह नामांकन का कार्य प्रतिनियुक्त प्रखंड प्रधान सहायक सेराज हवारी, कमलेश कुमार राम द्वारा किया जा रहा है। जहां पहले दिन एक भी अभ्यर्थियों ने अपना नामांकन नहीं करवाया। यह नामांकन 28 जून से पांच जून तक 11 बजे से 3 बजे तक चलेगा। वहीं संवीक्षा छह से नौ जून तक होगी जबकि अभ्यर्थियों की नाम वापसी 10 जून से 12 जून तक होना सुनिश्चित है। वहीं सूची का प्रकाशन एवं प्रतीक का आवंटन 13 जून, मतदान 28 जून को अरंडा टोला नवादा स्थित दारोगा राम के मकान समीप चलंत मतदान केंद्र पर सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक होगा। वहीं मतगणना 30 जून को होना है। बता दें कि नगर पंचायत हसनपुरा के अरंडा निवासी व वार्ड संख्या एक के वार्ड पार्षद खुर्शीद आलम के निधन के बाद ये पद रिक्त हो गया था।

तरवारा- आम का दाम मांगने पर जमादार के तथा कथित पति ने की दुकानदार की पिटाई,मुखिया पति को फंसाने की धमकी

परवेज अख्तर/सीवान। जीबी नगर थाने में पदस्थापित जमादार वीणा कुमारी के तथा कथित पति ने मंगलवार की शाम आम विक्रेता शैलेश कुमार पासवान से आम खरीदा और आम का दाम मांगने पर दुकानदार की पिटाई करने लगा तथा जेल भेजने की धमकी देने लगा। इसी क्रम में जमादार वीणा कुमारी भी मौके पर पहुंच गई और दुकानदार को पकड़ कर पिटाई करने लगी, जिससे बाजार में अफरातफरी का माहौल कायम हो गया। देखते ही देखते कई लोग पहुंच गए और समझा - बुझा कर मामले को शांत कराया। वहीं जीबी नगर थाने में पदस्थापित जमादार ने तरवारा पंचायत के मुखिया पति रहमतुल्लाह अंसारी के साथ दुर्व्यवहार करते हुए झूठा केस में फंसाकर कर जेल भेज देने की धमकी दे डाली। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि जीबी नगर थाना क्षेत्र में दबंग पुलिस और दबंग पुलिस के तथा कथित पति के द्वारा बाजार वासियों और जनता पर पुलिस का रौब दिखा कर अवैध वसूली और लूटपाट की जा रही है, जिससे लोगों में दहशत कायम है। सूत्रों की माने तो यही नहीं दोनों लोग थाना से बाहर अपना निजी स्पाई रख करके अवैध वसूली कर व करवा रहे हैं,अपने अपने डेरा में एक नया थाना खोलकर बैठ गए है जहां भोली भाली जनता को बुलाकर डरा धमका कर लूट खसोट की जा रही है।इस संदर्भ में थानाध्यक्ष रितेश कुमार मंडल ने कुछ भी बोलने से कतराते हुए कहा कि मामला संज्ञान में आया है, जांचोपरांत ही कुछ भी कहा जा सकता है।यह जांच का विषय है।वहीं जमादार वीणा कुमारी ने आरोप को निराधार बताया है।

वालीबाल ग्राउंड का उद्घाटन

रघुनाथपुर (सिवान)-प्रखंड के संठी में परमानंद बाबा वालीबाल ग्राउंड का उद्घाटन मंगलवार की शाम संठी के पैक्स अध्यक्ष परशुराम सिंह, वार्ड प्रतिनिधि बबलू सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि गोलू सिंह, प्रखंड भाजपा प्रवक्ता नितेश सिंह एवं टुन्ना सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस मौके पर सिद्धार्थ सिंह राहुल, विवेक सिंह, रघुराज सिंह, रितेश पांडेय, विशाल सिंह आदि उपस्थित थे। वालीबाल मैदान का उद्घाटन होने से बच्चों में काफी खुशी देखने को मिली।

मारपीट में दो महिला घायल

चैनपुर (सिवान) -चैनपुर थाना क्षेत्र के मुबारकपुर में दो परिवारों के बीच आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटना दो महिलाएं घायल हो गई। घायलों का उपचार रेफरल अस्पताल में कराया गया। घायलों में शांति देवी और सुभावती देवी शामिल हैं।

सड़क दुर्घटना में पिता- पुत्र घायल

सिसवन (सिवान) -थाना क्षेत्र के ग्यासपुर- मोहम्मदपुर मार्ग पर बुधवार को सड़क दुर्घटना में पिता-पुत्र घायल हो गए। घायलों को उपचार के लिए रेफरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घायलों में शंभूनाथ का पुत्र संतोष पांडेय और संतोष पांडेय का पुत्र मनीष पांडेय शामिल हैं।

आपसी विवाद में मारपीट में दो लोग घायल

चैनपुर (सिवान) -चैनपुर थाना क्षेत्र के नयागांव में आपसी विवाद में हुई मारपीट की घटना में दो लोग घायल हो गए। घायलों का उपचार रेफरल अस्पताल में कराया गया। घायलों में ताहिर हुसैन और गुड़िया खातून शामिल हैं।

गड्ढे में गिरने से मासूम की मौत

हसनपुरा(सिवान) -एम एच नगर थाना के हसनपुरा में मंगलवार की शाम गड्ढे में गिरने से पांच वर्षीय बच्ची की मौत हो गई। मृतका हसनपुरा में अपने मां के साथ ननिहाल में रह रही थी। वह खेलने के दौरान (सोख्ता) गड्ढे में गिर गई जिससे उसकी मौत हो गई। काफी देर खोजने के बाद किसी ने उक्त गड्ढे में देखा। बच्ची की मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। इस मामले में स्थानीय थाने में कोई आवेदन नहीं दिया गया है।

कार में लदी 813 लीटर शराब जब्त

दरौली थाना क्षेत्र के महुजा गांव के समीप बुधवार की दोपहर दो वैगनार में लदी 813 लीटर शराब दरौली थाना की पुलिस ने जब्त कर ली है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर वाहन समेत शराब को जब्त की गई है। उन्होंने बताया कि दो वैगनार वाहन में कुल 813 लीटर शराब पाई गई है। वहीं शराब तस्कर भागने में सफल रहे।

18 शस्त्रों का भौतिक सत्यापन

आंदर (सिवान)-विधानसभा चुनाव को लेकर आंदर थाना परिसर में एसआइ बबीता कुमारी द्वारा बुधवार को शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। इस दौरान कुल 18 लोगों ने अपने शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराया। थानाध्यक्ष पप्पन कुमार ने बताया कि सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराने का निर्देश दिया गया है। शस्त्रों का भौतिक सत्यापन दो जून तक किया जाएगा।

महाराजगंज - अनीता सिन्हा ने किया एसडीओ का पदभार ग्रहण

महाराजगंज (सिवान)। महाराजगंज की एसडीओ अनीता सिन्हा ने बुधवार को अनुमंडल कार्यालय में निवर्तमान एसडीओ अनिल कुमार से पदभार ग्रहण किया। इस दौरान नई एसडीओ ने अपने कार्यालय के प्रत्येक कर्मियों से परिचय प्राप्त किया। अनुमंडल कार्यालय के प्रधान लिपिक जितेंद्र सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों ने एसडीओ अनीता सिन्हा को पौधा भेंट किया।पदभार ग्रहण के बाद एसडीओ ने कहा कि अनुमंडल क्षेत्र में जो भी समस्या होगी उसे दूर किया जाएगा। आमजनों को कोई समस्या न हो इसका विशेष ध्यान दिया जाएगा। अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंडों में सरकार की जो भी योजना है उसको आमजनों को कितना फायदा हो रहा है उसकी बारी बारी से समीक्षा की जाएगी। ज्ञात हो कि निवर्तमान एसडीओ अनिल कुमार का स्थानांतरण बेगूसराय सदर हो गया है।

आयुष्मान कार्ड केंद्र का बीडीओ ने किया निरीक्षण

सिसवन (सिवान)। प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार की देखरेख में प्रखंड के सभी पंचायत भवनों में शिविर लगाकर आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य चल रहा है। इस दौरान बीडीओ ने घुरघाट पंचायत में बन रहे आयुष्मान कार्ड केंद्र का निरीक्षण किया। बीडीओ ने बताया कि सभी पंचायत भवनों में आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। इस कार्य में सेविका, आशा, शिक्षक और जनप्रतिनिधियों को निर्देश दिया गया है कि वे योग्य वंचित लाभुकों को अपने नजदीकी सीएससी केंद्र या पंचायत भवन ले जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाएं। मोबाइल एप के माध्यम से भी कार्ड बनवाने को कहा गया है।

महिला संवाद कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं की दी गई जानकारी

आंदर (सिवान)। प्रखंड के पतार पंचायत के पतार कचहरी व सानी सोनकरा में बीपीएम विश्वकर्मा पटेल के नेतृत्व में प्रांजल ग्राम संगठन व अर्जुन ग्राम संगठन के महिलाओं के बीच संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीपीएम ने बताया कि यह एक कार्यक्रम नहीं बल्कि एक आंदोलन है जो आगे चलकर गांव की नीति निर्माण एवं महिला सशक्तीकरण में बहुत बड़ी भूमिका निभाएगी। उन्होंने महिला सशक्तीकरण से जुड़ी सरकार की सभी महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान कोआर्डिनेटर आलोक कुमार रंजन समेत सैकड़ो महिलाएं उपस्थित थीं।

एसडीओ ने बरसात के पहले किया तटबंधों का निरीक्षण, दिए कई निर्देश

**गुठनी (सिवान)।

पढ़ाई के साथ खेल-कूद भी आवश्यक'- प्राचार्य शम्भू शरण तिवारी

महावीरी विद्यालय विजयहाता में तमो मार्शल आर्ट चैंपियनशिप का हुआ भव्य आयोजन

दैनिक खोज खबर/सिवान। महावीर सरस्वती विद्या मंदिर, विजयहाता के सभागार में मंगलवार को तीसरी सिवान जिला तमो मार्शल आर्ट चैंपियनशिप का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन तमो मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफ बिहार एवं क्रीड़ा भारती सिवान के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री शंभू शरण तिवारी ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा, ÷आज के समय में शिक्षा के साथ-साथ खेल-कूद भी बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। खेल बच्चों में अनुशासन, आत्मविश्वास, और नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं। ऐसे आयोजनों से छात्र-छात्राओं को एक नई दिशा मिलती है तथा उनके अंदर छिपी प्रतिभा को पहचानने का अवसर मिलता है।÷

प्रतियोगिता में जिले के कई प्रतिष्ठित संस्थानों ने भाग लिया, जिनमें भारतीय मार्शल आर्ट गुरुकुल बिंदुसार, द्रोणाचार्य मार्शल आर्ट क्लब, वॉरियर मार्शल आर्ट, लायन एकेडमी, ज्ञान कुंज पब्लिक स्कूल, ओरियन पब्लिक स्कूल, एनएस केंद्रीय विद्यालय एवं किड्स गार्डन हाई स्कूल के खिलाड़ी प्रमुख रूप से शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसे श्री तिवारी के साथ क्रीड़ा भारती के श्री नवीन सिंह परमार, पंकज कुमार सिंह, डॉ. दुर्गेश कुमार, अजय कुमार, किशन पांडेय, लालाबाबू राम, बाबूलाल पासवान, कुंदन कुमार सिंह, आतिश कुमार, हितेश कुमार, नीतू कुमारी, कुसुम देवी, जय प्रकाश भारती, राजू और सच्चिदानंद सिंह ने संयुक्त रूप से किया।

तमो मार्शल आर्ट एसोसिएशन ऑफ बिहार के प्रमुख संजय कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल 95 बच्चों ने भाग लिया, जिनमें से 45 खिलाड़ियों ने स्वर्ण, 36 ने रजत और 14 ने कांस्य पदक जीतकर अपने विद्यालय एवं जिले का नाम रौशन किया।प्रतियोगिता के सफल आयोजन से न केवल प्रतिभागियों में जोश देखने को मिला, बल्कि खेल आयोजकों व अभिभावकों ने भी इस पहल की प्रशंसा की। आयोजन ने सिवान जिले में युवा खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम साबित किया।

खरीफ महाभियान के तहत प्रखंड स्तरीय कार्यशाला का आयोजन

सिसवन (सिवान)। प्रखंड मुख्यालय स्थित ई-किसान भवन में बुधवार को खरीफ महाभियान 2025 के अंतर्गत प्रखंड स्तरीय कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र साह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी राजेश कुमार, अंचलाधिकारी पंकज कुमार, कृषि समन्वयक, सहायक तकनीकी प्रबंधक और सभी किसान सलाहकार उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने किसानों को नकदी खेती करने पर बल दिया और उन्हें नवीनतम तकनीकी और तरीकों से अवगत कराया। इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि खरीफ महाभियान 2025 के तहत किसानों को बेहतर खेती के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा और उन्हें आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इससे किसानों को अपनी खेती में सुधार करने और अधिक उत्पादन प्राप्त करने में मदद मिलेगी।

छेड़खानी मामले में तीन के विरुद्ध प्राथमिकी, गिरफ्तार

दारौंदा (सिवान)। थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की के साथ छेड़छाड़ करने के मामले में तीन लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई गई है। इसमें पुलिस दो लोगों को गिरफ्तार कर ली है जबकि गिरफ्तारी का विरोध करने पर एक आरोपित को गिरफ्तार कर ली है। बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के एक गांव में 26 मई को परिवार के सदस्य मजदूरी करने बाहर गए थे। तभी उसी गांव के अंकित कुमार, करीमन कुमार एवं कल्लू कुमार ने घर में लड़की को अकेला पाकर जबरन छेड़छाड़ करने लगे। पीड़िता द्वारा शोर मचाने पर सभी फरार हो गए। जब परिवार के सदस्य घर आए तो पीड़िता ने अपनी आपबीती सुनाई। पीड़िता की मां ने 27 मई को थाने में आवेदन देकर गांव के ही अंकित कुमार, करीमन कुमार एवं कल्लू कुमार को आरोपित की है। इस मामले में पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए आरोपित अंकित कुमार एवं कल्लू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के विरोध में आरोपित व स्वजन पुलिस से उलझ गए। इस मामले में अनि श्रवण पाल के बयान पर थाना में प्राथमिकी कराई गई है। इस मामले में पुलिस ने आरोपित विक्की कुमार उर्फ विकास को गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष छोटन कुमार ने बताया कि लड़की से छेड़छाड़ मामले में दो आरोपित को तथा गिरफ्तारी का विरोध करने मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस दोनों मामलों में शेष आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है।

विद्यालयों में स्वच्छता दिवस के रूप में मना विश्व मासिक धर्म

दारौंदा (सिवान)। प्रखंड के विभिन्न उच्च माध्यमिक विद्यालयों में बुधवार को स्वच्छता दिवस के रूप में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया। शिक्षिका रितु कुमारी ने बताया कि दुनियाभर में मई के महीने में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। माहवारी के दौरान महिलाओं को साफ- सफाई के प्रति जागरूक करने के लिए सेलिब्रेट किया जाता है। इस दौरान महिलाओं को चार-पांच दिन असहनीय पीड़ा का सामना करता है। इस पीड़ा से एक उम्र के बाद हर एक महिला को गुजरना पड़ता है। महामारी धर्म के दौरान महिलाओं को खास देखभाल और सफाई रखने की जरूरत होती है। उन्होंने बताया कि 28 मई को इस दिन के मनाने के पीछे एक प्रतीकात्मक महत्व है। मई वर्ष का पांचवां महीना होता है और मासिक धर्म की अवधि औसतन पांच दिन की होती है, वहीं एक सामान्य मासिक चक्र 28 दिनों का होता है। इसलिए 28 मई को यह दिन मना कर समाज में मासिक धर्म से जुड़ी चुप्पी, शर्म और सामाजिक झिझक को दूर करने की कोशिश की जाती है। इस दौरान छात्राओं ने खुलकर अपनी- अपनी समस्याएं एवं समझ को साझा की। यह कार्यक्रम उच्च माध्यमिक विद्यालय हड़सर धनौती, उच्च माध्यमिक विद्यालय कोड़ारी कला, उच्च माध्यमिक विद्यालय दारौंदा, उच्च माध्यमिक विद्यालय पकवलिया आदि विद्यालयों में विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया गया।

डीडीसी ने किया प्रखंड के विभिन्न खेल मैदानों का निरीक्षण

भगवानपुर हाट (सिवान)। मनरेगा द्वारा पंचायत स्तर पर विद्यालयों एवं खेल मैदान को सौंदर्यीकरण, विस्तार तथा खेल के मैदान को आकर्षित बनाए जाने कार्य का निरीक्षण बुधवार को डीडीसी मुकेश कुमार गुप्ता, डीआरडीए निदेशक मनीष कुमार सिंह, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से महम्मदपुर पंचायत के रामपुर कोठी, एसएस उच्च विद्यालय सह इंटर कालेज भगवानपुर हाट, ब्रह्मस्थान पंचायत के राज रोशन सिंह महाविद्यालय हिलसड़ आदि का निरीक्षण किया। महम्मदपुर पंचायत के रामपुरकोठी स्थित मनरेगा से बना खेल मैदान के निरीक्षण के दौरान डीडीसी ने कहा कि इस मैदान का निर्माण सराहनीय एवं अनुकरणीय है। उन्होंने कार्यक्रम पदाधिकारी सुबोध कुमार सिंह को इसके लिए प्रशंसा की। डीडीसी ने रामपुर कोठी खेल मैदान को कई नई व्यवस्था देने का निर्देश कार्यक्रम पदाधिकारी को दिया। डीडीसी ने खेल परिसर में पेवर ब्लाक लगाने, पेयजल की व्यवस्था करने, खेल परिसर के अंदर बैठने हेतु चेयर बनवाने तथा क्रिकेट पिच बनाने का निर्देश दिया। वहीं युवाओं की मांग पर स्थानीय मुखिया वर्मा साह को शौचालय पंचायत से बनवाने को कहा। डीडीसी ने कहा कि खेल मैदान होने से खेल का उचित मंच तैयार होगा। निरीक्षण का दौरान ड्रोन कैमरा से मैदान का तस्वीर लिया गया। डीडीसी ने एसएस उच्च विद्यालय भगवानपुर में बालिकाओं से बैडमिंटन खेलने की जानकारी ली। वहीं बालको से वालीबाल खेलने के बारे में पूछताछ की। डीडीसी ने इस खेल मैदान के प्रति संतोष व्यक्त किया। इससे पहले उन्होंने हिलसड़ में खेल मैदान का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश भी दिए। इस अवसर पर बीडीओ कुमार विशाल, कनीय अभियंता राजकुमार, पीआरएस विनोद कुमार आदि उपस्थित थे।

रेलवे अस्पताल के चिकित्सक व उनकी पत्नी में मारपीट

सिवान। जंक्शन के दक्षिणी छोर स्थित रेलवे कालोनी में बुधवार की दोपहर रेलवे अस्पताल के चिकित्सक व उनकी पत्नी के बीच घंटों नोकझोक के बाद मारपीट की घटना हुई। आक्रोशित चिकित्सक की पत्नी व उसकी पुत्री ने गैर औरत के साथ रहने का आरोप लगाया है। रेलवे अस्पताल के चिकित्सक केशव है। वही उनकी पत्नी डा. हरजीत कौर ने बताया कि मुझे सूचना मिल रही थी कि मेरे पति किसी गैर औरत के साथ रहते हैं। जहां बुधवार को वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस से मैं और मेरी पुत्री गोरखपुर से सिवान पहुंचे। इसके बाद हम लोगों ने अचानक रेलवे अस्पताल के पीछे स्थित रेलवे क्वार्टर का दरवाजा खोल दिया। जहां पहले से मौजूद मेरे पति के साथ एक गैर औरत छुप गई। जब हम लोगों ने औरत को ढूंढना शुरू किया तो उसने हम लोगों को चकमा देकर भागने लगी। जिसका पीछा हम लोगों ने किया लेकिन वह भागने में सफल रही। जब इस संबंध में मैंने अपने पति डा. केशव से पूछताछ की तो उसने गाली गलौज और मारपीट करना शुरू कर दिया। इसके बाद मैंने डायल 112 को इसकी सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच कर महिला थाना में आवेदन देने को कहा। इसके बाद हम लोगों ने इसकी सूचना आरपीएफ को दिया जहां आरपीएफ की टीम क्वार्टर पहुंची और शिकायत दर्ज कर अपने साथ लेकर चली गई। उन्होंने यह भी बताया कि यह पहली घटना नहीं बल्कि इसके पहले भी गोरखपुर में मेरे पति ऐसी घिनौनी हरकत कर चुके हैं। पीड़ित डा. हरजीत कौर ने यह भी कहा कि हमलोगों का मामला कोर्ट में भी चल रहा है। कोर्ट के आदेश पर मेरे पति बीस हजार रुपये खर्च के लिए देते थे। लेकिन वह अब देना बंद कर दिए हैं। वहीं इस मामले में डाक्टर केशव ने कहा कि मेरे पर लगा सभी आरोप गलत है।

बाल श्रम निषेध दिवस पर विद्यालयों में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन

दारौंदा (सिवान)। विश्व बाल श्रम निषेध दिवस को लेकर बुधवार को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों के बीच पठन-पाठन सामग्री देकर सम्मानित किया गया। यह प्रतियोगिता के उच्च माध्यमिक विद्यालय जलालपुर कचहरी, उच्च माध्यमिक विद्यालय पकवलिया, उच्च माध्यमिक विद्यालय कोड़ारी कला, उच्च माध्यमिक विद्यालय दारौंदा, उच्च माध्यमिक विद्यालय बालबंगरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय फतेहपुर, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मड़सरा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रानीबारी सहित कई विद्यालयों में बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस संबंध में बीईओ सौरभ सुमन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कक्षा छह से 10 तक के छात्र- छात्राएं शामिल हुए। इस दौरान करीब आधा दर्जन विद्यालय में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता का निरीक्षण किया गया। उन्होंने बताया कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर पेंटिंग के माध्यम से छात्र- छात्राओं द्वारा बाल श्रम की समस्या, उसके दुष्परिणाम और शिक्षा के महत्व को चित्रों के माध्यम से दिखाया गया है। उन्होंने बताया कि निर्णायक मंडल द्वारा पेंटिंग में बेहतर प्रदर्शन करने वाले तीन बच्चों को 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर पुरस्कृत किया जाएगा।

भूमि विवाद में मारपीट, दो घायल

सिवान- मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सरसर में मंगलवार की रात दो पक्षों में भूमि विवाद को लेकर मारपीट हो गई। इसमें दो लोग घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। घायल की पहचान उक्त गांव निवासी मोहित कुमार व विपिन कुमार के रूप में हुई। विपिन ने बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति से हमलोगों का भूमि विवाद है। रात में खाना खाने के बाद घर के आगे बैठे थे तभी उनलोगों ने आकर मारपीट शुरू कर दी। इसमें हमदोनों घायल हो गए।

फार्मर आइडी किसानों की होगी डिजिटल पहचान पत्र

मैरवा (सिवान)। कृषि विभाग ने किसान को पहचान पत्र मुहैया करने के लिए पंचायत में निबंध का कार्य शुरू किया है। प्रखंड के सभी पंचायत में कृषि विभाग की टीम फार्मर आइडी बनाने के काम में जुटी है। वहीं राजस्व कर्मी भी भूमि संबंधित दावे की जांच में लगाए गए हैं। बुधवार को बड़गांव पंचायत के भोपतपुरा टोला, लालगंज में प्रखंड कृषि समन्वयक अखिलेश मिश्र और किसान सलाहकार धीरेंद्र शर्मा, राजस्व कर्मी नंदलाल समेत कई कर्मियों की टीम फार्मर आइडी को लेकर निबंध में जुटी रही। प्रखंड कृषि समन्वयक अखिलेश मिश्रा ने बताया कि फार्मर आइडी किसानों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने और उनकी पहचान को डिजिटल रूप देने के लिए बनाया जा रहा है। यह कृषि योजनाओं से जुड़ने में काफी मददगार होगा। आधार कार्ड के तर्ज पर किसान पहचान पत्र भी एक महत्वपूर्ण दस्तावेज होगा। इससे किसान पीएम किसान सम्मन निधि योजना, कृषि बीमा योजना समेत विभिन्न कृषि योजना से किसान सीधे जुड़ सकेंगे। फार्मर आइडी को डिजिटल रूप दिए जाने से बार-बार केवाईसी कराने के झंझट से किसानों को मुक्ति मिलेगी। इसे बनवाने के लिए किसानों को आधार कार्ड, सक्रिय मोबाइल नंबर और भूमि प्रमाण पत्र- जमाबंदी इत्यादि की आवश्यकता पड़ रही है। भूमि प्रमाण पत्र एवं जमाबंदी की जांच राजस्व कर्मी के द्वारा आनलाइन की जा रही है। वहीं कृषि विभाग की टीम द्वारा किसानों का पहचान पत्र बनाने के लिए निबंध किया जा रहा है।

लूट के सामान के साथ बदमाश गिरफ्तार, जेल

हुसैनगंज (सिवान)। थाना क्षेत्र के तेतरिया में 26 मई की रात्रि थाना, आंदर एवं डीआइओ की टीम ने आंदर में हुए लूट कांड संख्या 134/25 में पकड़ाए विनय कुमार के निशानदेही पर तेतरिया निवासी शाहबाज खान के घर पर संयुक्त छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने शाहबाज खान को एक कट्टा, तीन गोली, एक केटीएम बाइक एवं आंदर में हुई लूटकांड में बाइक के कुछ पार्ट्स के साथ गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि लूटकांड में संलिप्त बदमाश शाहबाज खान को अवैध हथियार, कारतूस एवं लूट में प्रयुक्त बाइक एवं लूट के सामान रखने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया है। उसके विरुद्ध कार्रवाई करते हुए बुधवार को जेल भेज दिया गया।

वर्षा से मिली राहत, उमस बरकरार

गुठनी (सिवान)। प्रखंड में बुधवार की दोपहर हुई वर्षा से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली, वहीं जगह-जगह जल जमाव व कीचड़ से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं वर्षा बंद होने के कुछ ही देर बाद तेज धूप व उमस होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

किसानों ने बताया कि वर्षा होने से जगह-जगह जल जमाव होने से लगा कि अब खेतों में नमी आ जाएगा और खेतों की जोताई कर मक्का, अरहर आदि बोआई की जाएगी। साथ ही खेतों में धान का बिचड़ा डालने की तैयारी की जाएगी लेकिन वर्षा कम होने से किसानों के मंसूबे पर पानी फिर गया। वहीं कुछ देर में धूप एवं उमस होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

नीबू का पेड़ उखाड़ने की आशंका पर पिता ने पुत्र का सिर फोड़ा

हुसैनगंज (सिवान)। थाना क्षेत्र के रेनुआं में 26 मई की शाम नींबू के पेड़ उखाड़ने के विवाद में पिता ने अपने पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पीड़ित युवक चंदन पासवान ने आरोप लगाया है कि रास्ते के बगल में नींबू का पेड़ है। किसी तरह से पेड़ उखड़ गया था। शंका के आधार पर मेरे माता, पिता, भाभी एवं भाई दीपक पासवान ने मिलकर मेरे साथ मारपीट करते हुए टांगी से सिर पर मारकर जख्मी कर दिए।

अनियंत्रित ट्रक ने रेल ओवर ब्रिज पर तीन वाहनों में पीछे से मारा धक्का

सिवान- नगर थाना क्षेत्र के आंदर ढाला रेलवे ओवर ब्रिज पर मंगलवार की रात्रि लगभग नौ बजे एक अनियंत्रित ट्रक ने तीन चारपहिया वाहनों में पीछे से जोरदार धक्का मार दिया। टक्कर के कारण तीनों वाहन रेल ओवर ब्रिज पर ही पलट गए। यह संयोग ही था कि तीनों वाहनों के चालकों को सिर्फ मामूली चोट आई हैं। घायलों की पहचान अमनदीप व अजहर के रूप में हुई है। दोनों घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया जहां उनका इलाज हुआ। बताया जा रहा है कि आंदर की तरफ से एक अनियंत्रित ट्रक पुल पर चढ़ा, ट्रक की रफ्तार इतनी अधिक थी कि उसने पहले स्कार्पियो, उसके बाद टोयटा तथा अंत में कार में पीछे से जोरदार धक्का मारा और ट्रक खड़ा हो गया। तीनों गाड़िया पुल पर ही पलट गईं। दो गाड़ियों को छोड़कर टोयटा के परखच्चे उड़ गए। घटना के बाद नगर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं घायलों को उपचार के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। स्थानीय लोगों की मदद से स्कार्पियो एवं कार को हटा लिया गया। जबकि एक गाड़ी घटना स्थल पर ही थी।

वैशाली सुपरफास्ट में एक बच्चा सहित दो यात्री की तबीयत बिगड़ी

सिवान- 12553 वैशाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन में बुधवार को एक बच्चा सहित दो यात्री की तबीयत बिगड़ गई। दोनों यात्रियों के स्वजनों ने इसकी सूचना टीटीई को दी। सूचना पर कंट्रोल द्वारा सिवान जंक्शन पर स्थित डाक्टर को दी। ट्रेन के सिवान जंक्शन पर पहुंचने पर दोनों यात्री का इलाज हुआ। डाक्टर ने दोनों यात्री को दवा दी, इसके बाद ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई। इस कारण उक्त ट्रेन आधा घंटा खड़ी रही। गाड़ी दोपहर के तीन बजकर एक मिनट पर प्लेटफार्म नंबर तीन पर आई और तीन बजकर 35 मिनट पर खुली। इसे यात्रियों को परेशानी का सामान करना पड़ा। मामले में स्टेशन अधीक्षक मुकेश कुमार ने बताया कि 12553 वैशाली सुपरफास्ट के कोच बी 4 में एक पांच साल का बच्चा सुपौल निवासी वेदांत सहरसा से दिल्ली जा रहा था। छपरा से गाड़ी खुलने के बाद उसको तेज बुखार की शिकायत हुई। सूचना के बाद उसका इलाज सिवान जंक्शन पर हुआ। बताया कि दूसरा यात्री एस 4 में 25 वर्षीय सुपौल निवासी अजय कुमार भी सहरसा से दिल्ली की सफर कर रहे थे, तभी उनको पेट में दर्द हो गया। उनका भी इलाज सिवान जंक्शन पर हुआ। बताया कि इस कारण ट्रेन आधा घंटा सिवान जंक्शन पर खड़ी रही।

बाइक से धक्का लगने से साइकिल सवार किशोर घायल

दारौंदा (सिवान) - थाना क्षेत्र के हाथोपुर में बुधवार को बाइक से धक्का लगने से साइकिल सवार एक किशोर घायल हो गया। उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घायल की पहचान हाथोपुर निवासी इंटू मांझी के पुत्र शुभम कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि शुभम कुमार साइकिल से कहीं जा रहा था तभी तेज गति से विपरीत दिशा से आ रही बाइक से धक्का लगने से वह घायल हो गया। इस घटना के बाद बाइक चालक गाड़ी के साथ भागने में सफल रहा। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है जहां उसका इलाज चल रहा है।

अफराद मोड़- अनियंत्रित कार ने बाइक में मारी टक्कर, भागने के क्रम में पैदल जा रह दो अन्य लोगों को रौंदा,एक की मौत, दूसरा घायल, घटना के विरोध में ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

परवेज अख्तर/सीवान। महाराजगंज थाना क्षेत्र के अफराद मोड़ के समीप अनियंत्रित कार ने बाइक में धक्का मार दी तथा भागने के क्रम में पैदल जा रहे दो अन्य लोगों को भी रौंद दिया। इसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई जबकि दूसरा घायल हो गया। मृतक की पहचान अफराद निवासी कमल सिंह के पुत्र बड़क सिंह (45) के रूप में हुई जबकि घायल माधी निवासी संजय राम बताया जाता है।बताया जाता है कि एक कार तेज गति से सिवान की तरफ से बसंतपुर की ओर जा रही थी। इस दौरान अफराद मोड़ के समीप अनियंत्रित होकर एक बाइक में धक्का मार दी। इससे बाइक चालक घायल हो गया। अभी लोग कुछ समझ पाते कार भागने के क्रम में सिसई पेट्रोप पंप के समीप पैदल जा रहे दो लोगों को कुचल दिया। इससे अफराद निवासी बड़क की सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि माघी निवासी संजय राम घायल हो गया। । इस घटना के बाद कार चालक गाड़ी छोड़कर भागने में सफल रहा। ग्रामीणों ने घायल माघी निवासी संजय राम एवं बाइक चालक को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया। घटना की सूचना मिलते ही काफी संख्या में ग्रामीणों ने अफराद मोड़ को जाम कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही महाराजगंज एवं गोरेयाकोठी थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच लोगों को समझाने-बुझाने में जुटी हुई थी। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई थी।

स्कार्पियो व आटो की टक्कर में एक की मौत, दूसरा घायल

बसंतपुर थाना क्षेत्र के लहेजी मोड़ के समीप बुधवार की सुबह एनएच 227 ए पर बुधवार को स्कार्पियो एवं आटो की टक्कर में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं इस घटना में स्कार्पियो चालक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि आटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। मृतक की पहचान आंदर थाना क्षेत्र के खेमभटकन निवासी सुरेश साह के पुत्र अमरजीत कुमार साह (35) के रूप में हुई है जबकि घायल उत्तर प्रदेश के देवरिया निवासी कन्हैया जायसवाल का पुत्र सतीश जायसवाल (28) बताया जाता है। जानकारी के अनुसार स्कार्पियो सिवान की ओर से बसंतपुर की तरफ आ रही थी तथा आटो सिवान की ओर जा रहा था। इस दौरान लहेजी मोड़ के समीप समीप एनएच 227 ए पर दोनों वाहन की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इसमें स्कार्पियो चालक अमरजीत कुमार साह की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि आटो चालक सतीश जायसवाल घायल हो गया। इस घटना में दोनों वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। घटना के बाद कुछ देर के लिए अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया जहां से चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

मंडल कार्यसमिति की हुई बैठक

सिवान- भारतीय जनता पार्टी के पचरुखी उत्तरी मंडल के मंडल कार्यसमिति की बैठक बुधवार को जिला मंत्री आभा देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं अटल बिहारी वाजपेयी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं वंदे मातरम गायन के साथ हुई। अतिथियों को अंगवस्त्र से स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला प्रभारी लाल बाबू कुशवाहा ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है। आने वाले 25 के चुनाव में पार्टी कार्यकर्ताओं के बल पर बिहार में 225 सीटों पर जीतने का लक्ष्य रखा है।

जिला संयोजक सहकारिता मंच सुभाष कुशवाहा ने कहा बिहार में एनडीए मजबूत स्थिति में है हमें सभी वर्गो, सभी धर्मो का समर्थन प्राप्त है।

आभा देवी ने कहा कि देश का नेतृत्व मजबूत हाथ में है। कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक भाषावाद क्षेत्रवाद अब समाप्ति के कागार पर है। आगामी विधानसभा चुनाव मजबूती पर जोड़ दिया गया। मौके पर

जिला उपाध्यक्ष सत्यम सिंह, धमेंद्र पटेल, मनोज सिंह, बुलेट सिंह पटेल, प्रखंड अध्यक्ष दीनानाथ सिंह पटेल, लालबाबू तिवारी, विनोद सिंह, पंकज कुमार, सभी पंचायत अध्यक्ष व मंडल के सभी पदाधिकारी उपस्थित थे।---

22 शस्त्रों का भौतिक सत्यापन

हुसैनगंज (सिवान) - हुसैनगंज थाना में बुधवार को 22 शस्त्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। थानाध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने बताया कि पूरे थाना क्षेत्र में 132 लाइसेंसधारी हैं। इसमें अब तक 22 तक लोगों ने अपना भौतिक सत्यापन करा लिया है। कुछ लोगों का हथियार निबंधित दुकानों में रखा गया है।